

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार, 11 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-135 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 अगस्त 2025 ■ मूल्य 2.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

# वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ विपक्ष का मार्च

## राहुल-प्रियंका हिरासत में, पुलिस ने रोका तो अखिलेश ने बैरिकेडिंग तोड़ा, कई महिला सांसद बेहोश हुईं

**नई दिल्ली, 11 अगस्त।** वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला। इस दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद उन्हें पार्लियामेंट पुलिस स्टेशन ले गई।

प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद मिताली बाग की तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गई। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने मदद की। इससे पहले दोनों सदनों में इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ और कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी गई।

मार्च संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ। सांसदों के हाथों में 'वोट बचाओ' के बैनर थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इंडिया ब्लॉक ने मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं मांगी है, इसलिए इलेक्शन कमीशन जाने से पहले ही मार्च को परिवहन भवन के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया। बाद में अखिलेश ने बैरिकेडिंग फांदकर आगे बढ़ने की कोशिश की। जब सांसदों को आगे नहीं जाने दिया गया तो वे जमीन पर बैठ गए। प्रियंका, डिंपल समेत कई सांसद 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाते दिखे। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे इन सांसदों को हिरासत में ले लिया है।

**हिरासत में लिए जाने के बाद बेहोश हुई टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा:** प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए सांसदों में से एक टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा भी बेहोश हो गई। हालांकि उन्हें साथ में मौजूद सांसदों ने पानी पिलाया, उन्हें हाथ में लिए बैनर से ही हवा की।



### कांग्रेस अध्यक्ष बोले- सभी दलों से 30 सांसद चुनना असंभव

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा,



उन्होंने जो कहा है वो सच है और मेरा बयान भी वही है। अगर कोई सरकार चुनाव आयोग के पास भी नहीं जाती, तो पता नहीं उसे किस बात का डर है। ये वीवीआईपी लोगों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन है। चुनाव आयोग चीजों को अलग तरीके से संभाल सकता था। सभी गठबंधन दलों से 30 सांसदों को चुनना संभव नहीं है।

### कैसा लोकतंत्र, सांसदों को चुनाव आयोग जाने की आजादी नहीं

कांग्रेस महासचिव और पार्टी सांसद केसी



वेणुगोपाल ने कहा, पुलिस और सरकार हमें 30 सेकंड भी मार्च नहीं करने दे रही है। वे हमें यहीं रोकना चाहते हैं। देश में कैसा लोकतंत्र है, सांसदों को चुनाव आयोग जाने की आजादी नहीं है। अब वे कह रहे हैं कि सिर्फ30 लोग ही आ सकते हैं, लेकिन कम से कम उन 30 लोगों को चुनाव आयोग के दफ़्तर जाने की इजाजत तो दीजिए।

### रिजिजू बोले- विपक्ष ने संसद का बहुत समय बर्बाद किया

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- कांग्रेस पार्टी और विपक्ष ने बहुत समय बर्बाद किया है। अब हम देश और संसद का समय और बर्बाद नहीं होने देंगे। सरकार महत्वपूर्ण विधेयक पारित करना चाहती है। आज हम लोकसभा और राज्यसभा दोनों में महत्वपूर्ण विधेयक पारित करेंगे। एक व्यक्ति की मूर्खता और एक परिवार की वजह से देश इतना नुकसान नहीं झेल सकता। कई विपक्षी सांसदों ने भी आकर कहा कि वे असहाय हैं। उनके नेताओं ने उन्हें जबरदस्ती हंगामा करने के लिए कहा- हम हर दिन एक मुद्दे पर देश और संसद का समय बर्बाद नहीं होने देंगे। इसलिए हम महत्वपूर्ण विधेयक पारित करेंगे।



### केंद्रीय मंत्री प्रधान बोले- राहुल संविधान के खिलाफ काम कर रहे

भाजपा के केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, 'देश देख सकता है कि अगर कोई संविधान के खिलाफकाम कर रहा है, तो उसकी अगुआई राहुल गांधी कर रहे हैं। साहब, यह देश में पहली बार नहीं हो रहा है। कांग्रेस श्वङ्करूके बारे में झूठ बोलती है, महाराष्ट्र चुनाव, हरियाणा चुनाव का मुद्दा उठाती है और झूठ का पहाड़ खड़ा कर देती है। यह उनकी सोची-समझी रणनीति है ताकि अराजकता की स्थिति पैदा हो। मैं विपक्ष और कांग्रेस पार्टी से अपील करता हूं कि सभी मुद्दे संसद में उठाएं। संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान विपक्ष और कांग्रेस के पास कोई एजेंडा नहीं था।



**आयोग बोला- राहुल के पास आरोप पर बयान या माफी मांगने अब भी समय:** चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास 'वोट चोरी' के अपने आरोप को साबित करने के लिए औपचारिक बयान देने या देश से माफी मांगने के लिए अभी भी समय है। ईसीआई ने शनिवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से फिर कहा था कि या तो वे नियमों के अनुसार घोषणा करें या मतदाता सूचियों से संबंधित अपने झूठे आरोपों के लिए देश से माफी मांगें।

# उड़ान से पहले ही सीएम साय के हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी

## सड़क मार्ग से हुए रवाना



**रायपुर, 11 अगस्त।** सारंगढ़-बिलागढ़ दौरे पर रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री साय के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई है. हेलीकॉप्टर से उतरकर सीएम साय वेटिंग रूम में इंतजार कर रहे हैं. उनके साथ क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव भी मौजूद हैं. फिलहाल तकनीकी दल हेलीकॉप्टर की जांच कर समस्या ठीक करने में जुटा है. तकनीकी खराबी आने के बाद मुख्यूमंत्री विष्णुदेव साय सारंगढ़-बिलागढ़ जिले के लिए सड़क मार्ग से रवाना हो गए हैं. बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सारंगढ़-बिलाईगढ़ और महासमुंद जिले का दौरा करेंगे. सारंगढ़-बिलाईगढ़ के चंदायी में तिरंगा यात्रा में होंगे शामिल. वहीं वे महासमुंद में सिंदूर पार्क का शुभारंभ करेंगे और वृहद वृक्षारोपण चरण पादुका कार्यक्रम में शामिल होंगे.

### तिरुवनंतपुरम-दिल्ली एअर इंडिया फ्लाइट की चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग

**चेन्नई, 11 अगस्त।** तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया फ्लाइट AI2455 की रविवार रात चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरलाइंस ने तकनीकी गड़बड़ी और खराब मौसम को इसकी वजह बताया। एयर ट्रैफिक ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट रडार 24 के अनुसार फ्लाइट ने 8:17 उड़ान भरी। इसे 10:45 बजे दिल्ली पहुंचना था। फ्लाइट में मौजूद कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने ङ्ग पर लिखा- चेन्नई में जब इमरजेंसी लैंडिंग की पहली कोशिश हुई तो सामने (रनवे) दूसरा प्लेन खड़ा था। पायलट प्लेन को दोबारा हवा में ले गया और दूसरी कोशिश में सुरक्षित लैंडिंग हो सकी। उन्होंने लिखा कि फ्लाइट में कई सांसद और कई अन्य यात्री सवार थे। फ्लाइट हादसे के बिल्कुल करीब पहुंच गई थी। एक बड़ा हादसा टला है। वहीं, वेणुगोपाल के दूसरा प्लेन रनवे पर होने की बात से एयर इंडिया ने इनकार किया।

## संक्षेप

### गंगा में डूब रही महिला ने पकड़ ली बहती लाश, 7 किमी दूर जाकर मौत से जीती जंग

**भागलपुर ,11 अगस्त।** जाको राखे साइयां मार सके ना कोय, यह कहावत बिहार के भागलपुर में बिलकुल सच साबित हुई है। जहां एक महिला गंगा की तेज धार में बह गई। दूर तक बह जाने के बाद महिला ने एक लाश को पकड़ लिया। इस दौरान वह 7 किलोमीटर दूर चली गई और महिला की जान बच गई। दरअसल, मुंगेर के बरियारपुर की रहने वाली कुमकुम देवी सुल्तानगंज स्थित नमामि गंगे घाट पर गंगा स्नान कर रही थीं, तभी गंगा की तेज धार में वह बह गईं। जब उनकी बचने की उम्मीद खत्म हो गई थी, तभी गंगा की बीच धार में उन्हें एक मुर्दा मिला। कुमकुम देवी ने हिम्मत नहीं हारी और उस मुर्दे को ही अपना सहारा बना लिया। वह करीब 7 किलोमीटर तक उसी मुर्दे को पकड़कर तैरती रहीं। जिसके बाद तिलकपुर गांव के पास एक नाविक की नजर उन पर पड़ी। उसने तुरंत कुमकुम देवी को बचाया और नाव पर बैठाकर किनारे तक लाया। इससे पहले ही, कुमकुम देवी के परिवार को उनकी मौत की खबर मिल चुकी थी। लेकिन जब उन्होंने कुमकुम देवी को जिंदा देखा, तो उन्हें अपनी आंखों पर यकीन ही नहीं हुआ।

### मानहानि केस में मेधा पाटकर को सुप्रीम कोर्ट से आंशिक राहत

**नई दिल्ली, 11 अगस्त।** सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को भारत के




सर्वोच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना द्वारा दायर 25 साल पुराने मानहानि मामले में पाटकर की सजा को बरकरार रखा है. न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और एन.कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया. शीर्ष अदालत की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील की दलील पर विचार करते हुए 1 लाख रुपये का जुर्माना हटा दिया है. कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि पर्यवेक्षण आदेश लागू नहीं होगा. उच्च न्यायालय ने 29 जुलाई को 70 वर्षीय पाटकर को दी गई सजा और दंड को बरकरार रखा था. यह मामला 25 साल पहले वी.के. सक्सेना द्वारा तब दायर किया गया था, जब वह गुजरात में एक गैर-सरकारी संगठन का नेतृत्व कर रहे थे.

### चुनाव से ठीक पहले बिहार में 6 बड़े नेताओं की बढ़ाई गई सुरक्षा

**पटना, 11 अगस्त।** बिहार में छह बड़े नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसमें राजद नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का नाम भी शामिल है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने राज्य सुरक्षा समिति की सिफारिशों के बाद छह प्रमुख नेताओं की सुरक्षा बढ़ाई है। राज्य के गृह विभाग की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को अब Z श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी, जबकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को Z+ श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी। राबड़ी देवी ने कहा था- तेजस्वी की जान को खतरा है। यह निर्णय 1 अगस्त को हुई राज्य सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया, जिसमें समिति ने सरकार को सिफारिशें कीं। हाल के हफ्तों में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी की सुरक्षा एक राजनीतिक मुद्दा रही है।

# कूनो की सीमा से बाहर गांवों की गलियों में घूम रहे थे चीते, पीछे पड़ गए कुत्ते

**श्योपुर, 11 अगस्त।** कूनो नेशनल पार्क से निकलकर बाहर के जंगल में घूम रही चीता ज्वाला और उसकी मादा शावक मानपुर क्षेत्र में राजस्थान बॉर्डर के करीब चंबल नदी किनारे पहुंच गई। इस दौरान दिन भर दोनों इसी इलाके में ट्रैक हुई। हालांकि कूनो की ट्रैकिंग टीम भी लगातार दोनों चीतों की मॉनिटरिंग कर रही है, लेकिन क्षेत्र में चीते आने की सूचना भर से मानपुर सहित आसपास के गांवों के लोग चीतों को देखने उमड़ पड़े। कई ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर भी वायरल कर दिए।



बताया गया है कि चीता ज्वाला और उसकी मादा शावक एक सप्ताह पहले कूनो पार्क की सीमा के बाहर निकली थी। इस दौरान 4 दिन पहले जाखदा पंचायत के हसनपुर गांव में बछड़े का शिकार किया और फिर एक दिन बाद कोटागढ़ में उनके द्वारा बकरियों का शिकार करने के वीडियो आए। अब 2 दिन बाद ज्वाला और उसकी शावक रविवार सुबह मानपुर क्षेत्र में दिखे।

### रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी ने दायर की चार्जशीट

**नई दिल्ली ,11 अगस्त।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रॉबर्ट वाड्रा, सत्यनंद याजी, केवल सिंह विरक और कुछ कंपनियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शिकायत दाखिल की है। इसमें स्काई लाइट



हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड, स्काई लाइट रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड और ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज प्रा. लिमिटेड (अब एसजीवाई प्रॉपर्टीज) जैसे नाम शामिल हैं। यह मामला 1 सितंबर 2018 को गुरुग्राम के खेड़की दौला पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर नंबर 0288 से शुरू हुआ। इसमें रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, डीएलएफ और अन्य के खिलाफ आईपीसी की धाराएं 120-बी, 420, 467, 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 के तहत केस दर्ज हुआ।

# सुप्रीम कोर्ट का निर्देश: आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर में रखें, अड़ंगा डालने वालों पर करें कार्रवाई'

**नई दिल्ली, 11 अगस्त।** दिल्ली एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर के नागरिक प्रशासन और स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी किए हैं, जिनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफकार्रवाई में अड़ंगा डालता है तो उसके खिलाफभी कार्रवाई करें।

लोगों पर आवारा कुत्तों के हमलों और रेबीज संक्रमण के कई मामले सामने आने के बाद सुप्रीम



कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर इस मामले पर सुनवाई शुरू की थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि 'एनसीटी-दिल्ली, एमसीडी, एनएमडीसी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करें और खासकर उन इलाकों में जहां आवारा कुत्तों का खतरा ज्यादा है।'

पीठ ने स्थानीय निकायों को निर्देश दिया कि 8 हफ्तों में वे आवारा कुत्तों को रखने के लिए आश्रय स्थल बनाने की जानकारी दें। अदालत ने कहा कि आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस काम में आड़े आए तो उसके खिलाफभी कार्रवाई करें। पीठ ने ये भी कहा कि 'एमसीडी/एनडीएमसी और दिल्ली एनसीआर के संबंधित प्राधिकरण दैनिक आधार पर आवारा कुत्तों को पकड़ने का रिकॉर्ड रखें और पकड़े जाने के बाद एक भी आवारा कुत्ता वापस छोड़ा नहीं जाना चाहिए और सभी को आश्रय स्थल में रखा जाए।'


# राजधानी में व्यापारी से 15 लाख की लूट



**रायपुर, 11 अगस्त।** राजधानी रायपुर में आज दिन दहाड़े लाखों की उठाईगिरी का मामला सामने आया है. पंडरी कापा फाटक के पास अज्ञात बाइक सवार 2 लुटेरों ने 15 लाख रुपयों की उठाईगिरी की वारदात को अंजाम दिया है. सूचना मिलते ही क्राईम ब्रांच और मोवा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, लूट की यह वारदात बोरवेल कारोबारी चिराग जैन के साथ हुई है. कारोबारी चिराग जैन ऑफिस जा रहा था. इसी बीच कापा फाटक के पास अज्ञात बाइक सवार लुटेरों ने कारोबारी को रास्ता पूछने के बहाने रोका और नगद रकम समेत सोने चांदी के अंगूठी चैन लूटकर फरार हो गए. चिराग ने बताया कि लुटेरे जिस बाइक पर सवार थे।

# आज के दौर में स्वास्थ्य और शिक्षा का बहुत महत्व: भागवत

**इंदौर, 11 अगस्त।** मध्य प्रदेश के इंदौर में मानव सृष्टि आरोग्य केंद्र का शुभारंभ किया गया। इंदौर प्रवास पर पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में स्वास्थ्य और शिक्षा का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि जानकारी के लिए शिक्षा की आवश्यकता है और ज्ञान प्राप्त करना है तो स्वस्थ शरीर आवश्यक है। अस्वस्थ शरीर ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता है। यह दोनों सामान्य व्यक्ति की पहुंच से काफी दूर हो चुकी है और उसके आर्थिक सामर्थ्य के भी पहुंच के बाहर हो चुकी है, क्योंकि शिक्षा और स्वास्थ्य सरल और सस्ती नहीं हो रही है। पहले यह दोनों काम सेवा के नाते किए जाते थे। आज इसको भी कमर्शियल बना दिया गया है।



पहले लोग शिक्षा देना अपना कर्तव्य मानते थे और छात्रों को ज्ञानवान बनाना यह एक जिम्मेदारी मानी जाती थी और ज्ञान प्राप्त करने के लिए छात्र के साथ ही शिक्षक भी चिंता करते थे। कैंसर का उदाहरण देते हुए मोहन भागवत ने कहा कि कैंसर में मरीज की हिम्मत काम देती है और डॉक्टर और मरीज के बीच संवाद होगा तो उसे हिम्मत मिलती रहेगी। मोहन भागवत ने कहा कि एलोपैथी भी कहती है कि कुछ बीमारी आयुर्वेद के माध्यम से ही ठीक होती है।

**ट्रंप टैरिफ** | कनाडा में इस पर 300% तक टैरिफ, स्विट्ज़रलैंड, कोरिया और आइसलैंड में भी एंट्री नहीं

# अमेरिकी नॉन-वेज दूध की वजह से भारत पर टैरिफ

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली, 11 अगस्त।** अमेरिका ने भारत पर सबसे ज्यादा कुल 50त्न टैरिफलगाने का ऐलान किया है। दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से ट्रेड डील पर बातचीत चल रही थी, जो नाकामयाब रही। इसके पीछे की बड़ी वजह भारत का कृषि और डेयरी के मामले में अमेरिका से समझौते से इनकार करना भी है।

हालांकि, भारत समेत 5 देश ऐसे हैं, जिन्होंने ट्रम्प सरकार से कृषि और डेयरी को लेकर कोई समझौता नहीं किया। इन देशों में भारत, साउथ कोरिया, कनाडा, स्विट्ज़रलैंड और आइसलैंड जैसे देश शामिल हैं। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा, धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं।

अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को 'नॉन वेज मिल्क' यानी मांसाहारी दूध मानता है। भारत की शर्त है कि कोई भी डेयरी उत्पाद तभी भारत में बिक सकता है जब वह यह प्रमाणित करे कि वह पूरी तरह शाकाहारी स्रोत से बना हो। भारत की शर्त है कि कोई भी डेयरी उत्पाद तभी भारत में बिक सकता है जब वह यह प्रमाणित करे कि वह पूरी तरह शाकाहारी स्रोत से बना हो।

**भारत मॉडिफाइड फसलों पर पाबंदी हटाने के पक्ष में नहीं:** इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके। वह चाहता है कि भारत इन पर अपनी इम्पोर्ट ड्यूटी को कम करे। वहीं, भारत अपने किसानों की सुरक्षा के लिए इन पर हाई टैरिफलगाता है, ताकि सस्ते आयात से भारतीय किसान प्रभावित न हों। इसके अलावा, अमेरिका तरस्न्न् फसलों को भी भारत में बेचने की कोशिश करता रहा है, लेकिन भारत सरकार और किसान संगठन इसका कड़ा विरोध करते हैं। अमेरिका ने साउथ कोरिया पर 15त्न टैरिफ लगाया है। इसके बदले में साउथ कोरिया, अमेरिका से 100 अरब डॉलर की एनर्जी खरीदेगा और 350 अरब डॉलर का निवेश करेगा।



### भारत में मॉडिफाइड फसलों का विरोध क्यों?

जीन बदलकर बनाई गई फसल को जेनेटिकली मॉडिफाइड ऑर्गैनिज्म्स (GMO) कहते हैं। अमेरिका दुनिया में GMO फसलों का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत ने कपास के अलावा बाकी सभी मॉडिफाइड फसलों पर रोक लगा रखी है। ये मॉडिफाइड फसलें वैज्ञानिक तरीके से बनाई जाती हैं। भारत में बीज और खाद्य सुरक्षा पर विदेशी कंपनियों का नियंत्रण राष्ट्रीय हित के खिलाफ माना जाता है। भारत अगर इसकी अनुमति दे देता है तो खेती-किसानी पर अमेरिकी कंपनियों का वर्चस्व बढ़ सकता है। इसके अलावा स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे मुद्दे को लेकर भी इस फसल पर सवाल उठते रहे हैं।



## एक नजर

### हसदेव नदी संरक्षण के लिए श्रावण पूर्णिमा से रिवर फ्रंट निर्माण की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ

**कोरबा 11 अगस्त** । कोरबा जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी आज प्रदूषण, अव्यवस्था और उपेक्षा का शिकार हो चुकी है। इसे फिर से संरक्षित, स्वच्छ और सौंदर्यपूर्ण बनाने के उद्देश्य से नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा प्रत्येक मास की पूर्णिमा को माँ सर्वमंगला घाट कोरबा पर हसदेव आरती की जाती है। इसी क्रम में श्रावण पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 9 अगस्त 2025 को सायं 5 बजे माँ सर्वमंगला घाट कोरबा पर आयोजित हसदेव आरती में मुख्य यजमान के रूप में ठाकुर जुड़ावन सिंह, उपाध्यक्ष, विद्या भारती (मध्य क्षेत्र) एवं विशिष्ट यजमान के रूप में नान्हीदास दीवान, प्रांताध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शिक्षक महासंघ और डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा, अध्यक्ष, आयुष मेडिकल एसोसिएशन, कोरबा शामिल हुए।

नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा कोरबा जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने और तट के सौंदर्यीकरण के लिये दर्री बांध से कुदुरमाल पुल तक हसदेव नदी के दोनों किनारों पर रिवर फ्रंट का निर्माण करवाने हेतु, श्रावण पूर्णिमा 9 अगस्त 2025 से आश्विन पूर्णिमा 7 अक्टूबर 2025 तक हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, जिसका शुभारंभ हसदेव तट माँ सर्वमंगला घाट पर ठाकुर जुड़ावन सिंह (उपाध्यक्ष, विद्या भारती, मध्य क्षेत्र), नान्हीदास दीवान (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शिक्षक महासंघ) और डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा (अध्यक्ष, आयुष मेडिकल एसोसिएशन, कोरबा) ने हस्ताक्षर कर किया।

### छत्तीसगढ़ महिला द्विज परिषद ने मनाया सावन उत्सव

**कोरबा 11 अगस्त** । छत्तीसगढ़ महिला द्विज परिषद बालको नगर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। यह आयोजन गत दिवस को साईं मंगलम बालको में हुआ, जिसमें समाज की महिलाओं और बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सावन क्विन प्रतियोगिता के विजेता-इस अवसर पर आयोजित सावन क्विन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रक्षा तिवारी, द्वितीय स्थान निशा द्विवेदी और तृतीय स्थान कविता पांडेय ने प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि रश्मि शर्मा और मनोरमा दीवान ने विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

आयोजन की विशेषताएं-कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्वाद लिया गया, जो समाज के सदस्यों द्वारा तैयार किए गए थे। छत्तीसगढ़ महिला द्विज परिषद बालको के अध्यक्ष आशा तिवारी और सचिव रश्मि दुबे के मार्गदर्शन में यह आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

# सिडनी विश्वविद्यालय में छात्रा इशिका को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान



**भिलाई, 11 अगस्त।** सिडनी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत भारतीय छात्रा इस्पात नगरी की बिटिया इशिका सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की है। उन्हें कॉलेजिएट बिजनेस स्कूलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सम्मान संस्था बीटा गामा सिग्मा की सदस्यता के लिए चुना गया है। बीटा गामा सिग्मा एक ऐसी संस्था है जो व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सदस्यता प्रदान करती है। यह सदस्यता केवल उन छात्रों को मिलती है जो अपने बैच के टॉप 10 प्रतिशत में आते हैं और शिक्षा, नेतृत्व व नैतिक मूल्यों में उच्च मानक स्थापित किए हों। इशिका सिंह का चयन, सिडनी विश्वविद्यालय में उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता, समर्पण और नेतृत्व क्षमताओं के आधार पर किया गया है। यह सम्मान उनके लिए ही नहीं, बल्कि देश के लिए भी गर्व की बात है।

बीटा गामा सिग्मा की सदस्यता आज वैश्विक स्तर पर एक प्रेस्टीज सिंबल मानी जाती है। इसके सदस्य दुनिया के प्रतिष्ठित कंपनियों, संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों में नेतृत्व भूमिका निभा रहे हैं। इसके सदस्य विश्वविद्यालयों और बिजनेस स्कूलों के सर्वश्रेष्ठ छात्र होते हैं। इशिका सिंह को यह सम्मान 29 अक्टूबर 2025,को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया जाएगा। बीटा गामा सिग्मा के भारत में 8000 सदस्य हैं वही वैश्विक स्तर पर 9 लाख सदस्य हैं। यह उन छात्रों और बिजनेस स्कूलों को मान्यता देती है जो उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को पूरा करते हैं। वहीं यह सर्टिफिकेट उन छात्रों को दिया जाता है जिन्होंने मान्यता प्राप्त बिजनेस स्कूलों से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है और जिन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता और नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन किया है। इस सफलता पर पिता तथा भिलाई ट्रक टेलर्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, महासचिव मलकीत सिंह लल्लू, शिक्षक, परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

# पीएम सूर्य घर योजना के तहत 12 स्थानों पर लगेंगे शिविर

**भिलाई, 11 अगस्त।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत रुफटॉप सोलर प्लांट लगाने के इच्छुक विद्युत उपभोक्ताओं के लिये 10 से 14 अगस्त तक पंजीकरण शिविर लगाए जा रहे है। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को इस योजना की जानकारी देना और मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराना है। इन शिविरों में सुबह 10 बजे से ही उपभोक्ता भाग ले सकेंगे। शिविर स्थल पर बैंक प्रतिनिधि व अधिकृत वेंडर भी उपस्थित रहेंगे, जो उपभोक्ताओं को वित्तीय एवं तकनीकी जानकारी देंगे। शिविर स्थल और 11 अगस्त सियान सदन (नेहरू नगर जोन), महेश कॉलोनी, दुर्ग बघेरा जोन, कुशाभाऊ ठाकरे भवन जवाहर नगर जोन, दुर्ग एवं काली मंदिर रोड सामुदायिक भवन, चरोदा भिलाई-चरोदा जोन,12 अगस्त नगर निगम हॉल (दुर्ग टाउन जोन), आम्रपाली सोसायटी (सुपेला जोन), शीतला मंदिर स्थित डोग शेड, कैम्प-1 (भिलाई शहर जोन) 13 अगस्त लोकांगन (वैशाली नगर जोन), गणपति विहार कॉलोनी (बोरसी जोन), कम्युनिटी हॉल, सूर्यकुण्ड तालाब के पास, हाउसिंग बोर्ड, भिलाई (छावनी जोन) 14 अगस्त कर्मा भवन के पास, बजरंग पारा (कोहका जोन)। उपभोक्ता सोलर प्लांट के पंजीकरण हेतु अपने नजदीकी शिविर स्थल पर आवश्यक दस्तावेजों यथा बिजली बिल एवं आधार कार्ड सहित उपस्थित होकर योजना से लाभान्वित हो सकते हैं। दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि, वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करें और नागरिकों को योजना की जानकारी दे। उन्होंने नागरिकों से अपने नजदीकी शिविर स्थल पर जाकर इस योजना की जानकारी लेने और मौके पर ही पंजीकरण कराने का आग्रह किया है।

# तीज मिलन पर किया कई कार्यक्रमों का आयोजन



**भिलाई, 11 अगस्त।** नेहरू नगर पूर्व भिलाई स्थित शिव मंदिर प्रांगण गणेश उद्यान में श्री गणेश महिला मंडली के द्वारा कल तीज मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन सहयोग से निर्मित मंदिर प्रांगण में यह आयोजन का द्वितीय वर्ष था, जिसमें आसपास रहने वाले अधिकांश महिलाओं ने विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में बनाए जाने वाले अनेक व्यंजन में अनरसा, पकौड़े, मालपुआ, दूध फरा, बड़ी, पास्ता इसी तरह स्थानीय खेल, हाऊजी खेल, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ नृत्य प्रतियोगिता भजन प्रतियोगिता के अलावा महिलाओं के सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में नमीता, शशि प्रभा, जामिन, प्रेमलता, शिला हिरवानी, इंद्राणी, सरस्वती साहू, उषा, रेखा चंद्राकर , ध्रुवंशी, प्रगति साहू,इंदु अग्रवाल, के साथ उपस्थित महिलाओं ने भाग लिया। यह मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। रिमझिम बारिश के बीच महिलाओं ने इस कार्यक्रम का आनंद उठाया इस कार्यक्रम में का विशेष योगदान रहा यह जानकारी उर्मिला साहू ने दिया। मंदिर प्रांगण में समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है व्यंजन प्रतियोगिता में चांवल के आटे का व्यंजन बनाया गया था जिसमें अइरसा, पकौड़े, मालपुआ, दूधफरा, कोथंबीर बड़ी, पास्ता आदि बनाया गया। हर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। उर्मिला साहू के संयोजन और निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित हुई और आगे भी इसी तरह उत्साह के साथ कार्यक्रम करने हेतु संकल्प लिए। अन्य उपस्थित दर्शक महिलाओं ने इस प्रकार के आयोजन को लेकर काफी उत्साहित नजर आए।




### बंगाल की खड़ी में बन रहे सिस्टम से 13 से वर्षा की गतिविधि में होगी वृद्धि

**भिलाई, 11 अगस्त।** 13 अगस्त के आसपास बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम और सीमावर्ती पश्चिम-मध्य में निम्न दबाव प्रणाली के निर्माण के प्रभाव से, 12 अगस्त से पूरे प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है जिससे 13 अगस्त से एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। 13 अगस्त के आसपास बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। 13 अगस्त से एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री से. रहा जिसका सामान्य से अंतर 4.6 डिग्री से. है। न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री से.रहा जो कि सामान्य से 0.9 डिग्री से. कम है। सापेक्षिक आर्द्रता 76-54 रही।

# प्रताड़ित युवक ने दे दी जान, आरोपी गिरफ्तार




**भिलाई, 11 अगस्त।** भिलाई एक युवक ने 10 लाख रुपए कर्ज लिया था, जिसे ब्याज सहित चुका दिया, लेकिन फिर भी उसे इतना मानसिक रुप से प्रताड़ित किया कि तंग आकर उसने अपनी जान दे दी इस मामले में जांच के बाद पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है आरोपी ने भिलाई नगर, तिल्दा नेवरा क्षेत्र में अलग-अलग एक्सीडेन्ट कर दो लोगों को रौंद दिया था जिससे उनकी मौत हो गई पद्मनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि मृतक सुरेन्द्र साहू (40 साल) निवासी न्यू पुलिस लाइन दुर्ग ने हरीश मिश्रा राशन दुकान वाले से 10 लाख रूपये उधार लिया था, जिसे मृतक सुरेन्द्र साहू ने पूरे पैसे वापस कर दिया था इसके बाद भी आरोपी हरिश कुमार मिश्रा मूलधन व ब्याज के पैसों को लेकर मृतक से लगातार पैसो की मांग मोबाइल के माध्यम से कर प्रताड़ित करता था घटना दिनांक को भी आरोपी अपने मोबाइल से लगातार मृतक को फोन कर प्रताड़ित किया प्रताड़ना से तंग आकर मृतक ने विवश होकर आत्महत्या किया। मर्ग जांच पर धारा 108 बीएनएस, छ.ग. ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 4 कायम कर विवेचना मे लिया गया मर्ग कायमी के उपरांत थाना पद्मनाभपुर पुलिस ने मामले की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए पद्मनाभपुर थाना पुलिस एवं उसकी टीम ने आरोपी हरीश मिश्रा (49 साल) निवासी सड़क एवेन्यू सी सेक्टर 1 की तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया जो जुर्म करना स्वीकार किया है आरोपी मारपीट एवं अवैध उगाही का आदतन आरोपी है पद्मनाभपुर टीआई ने बताया कि आरोपी ने पूर्व में भी ब्याज रकम की अवैध उगाही के मामले में थाना भिलाई भट्ठी के धारा 384 कर्जा एक्ट की धारा 4 के मामलो में भी गिरफ्तार हो चुका है।

### हसदेव नदी एनीकेट में मिला बच्चे का शव, पहचान की जा रही

**कोरबा 11 अगस्त** । हसदेव नदी एनीकेट में रविवार शाम करीब 4.30 बजे एक बच्चे का शव पानी में तैरते हुए मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल दर्री पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर मरचुरी भेज दिया गया।

मृतक बच्चे की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने आसपास के लोगों और थानों को सूचना दी है। किसी भी व्यक्ति को बच्चे की पहचान हो तो वह दर्री थाना प्रभारी से संपर्क कर सकता है। प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि बच्चे की मौत पानी में डूबने से हुई है। पुलिस ने मामले की जांच



### सर्वधर्म सेवा संस्था के अध्यक्ष बने खांडवे

**भिलाई, 11 अगस्त।** सर्वधर्म सेवा संस्था की कार्यकारिणी बैठक में संस्था के संरक्षक एवं मार्गदर्शक की अनुमति तथा कार्यकारिणी सदस्यों की सर्वसम्मति से सुरेश खांडवे को संस्था का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस बैठक में प्रतीक भोई, राकेश रत्नाकर, घनश्याम पांडे, शिवाकांत गिरी, भेखराम साहू, रघुवंश सैनी, केश कुमार साहू , विष्णु यादव, भागवत वर्मा, अशोक सोनी, रमेश प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# नशामुक्त भारत के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया



कवर्धा , 11 अगस्त। शासन द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर जन-जागरुकता गतिविधियों के आयोजन दिनांक 01 अगस्त 2025 से 31 अगस्त 2025 तक कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके परिपालन में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग जिला कबीरधाम द्वारा दिनांक 08.08.2025 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाटीपथरा विकासखण्ड-बोड़ला में नशा मुक्त भारत अभियान(हस्क्क) के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम के माध्यम से स्कुली छात्र-छात्राओं के मध्य कबड्डी, फुगडी,रंगोली, चित्रकला, रस्साकसी,पिटुल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही बैगा महिलाओं के बीच रस्साकसी एवं खुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का कार्यक्रम कराया गया जिसमें बैगा महिलाओं के द्वारा बढ़-चढकर हिस्सा लिया एवं विभाग द्वारा उन्हे पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, समस्त पचं गण, रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, स्वंय सेवी सस्था के कर्मचारी, प्रधान पाठक एवं समस्त शिक्षकगण, नशा मुक्त भारत अभियान अतर्गत वालेंटियर्स उपस्थित थे।

# हाईकोर्ट की डिविजनल बैंच ने छोटे खातेदारों के पक्ष में सुनाया फैसला

**कोरबा 11 अगस्त** । छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिविजनल बैंच ने स्पष्ट कर दिया है कि एकल पीठ द्वारा हर खाते में रोजगार और पुनर्वास प्रदान करने के लिए दी गयी आदेश ही सही है और जिसके लिए एसईसीएल बाध्य है। एसईसीएल द्वारा एकल पीठ में दिए गए उक्त आदेश के विरुद्ध याचिका लगायी थी और कोल इंडिया पालिसी 2012 के अनुसार रोजगार देने की अपनी नीति को जायज बताया गया था किंतु डिविजनल बैंच ने एसईसीएल की याचिका को खारिज कर दिया है और 1991 की पुनर्वास नीति जिसे मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति कहा जाता है उसके अनुसार ही रोजगार पुनर्वास दिया जाना होगा।

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने हाईकोर्ट द्वारा भूविस्थापित परिवारों के पक्ष में दिये गए फैसले पर आभार व्यक्त किया है और कहा है कि एसईसीएल को हाईकोर्ट का आदेश का पालन करते हुये हर खाते में रोजगार उपलब्ध कराया जाये संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने अपने बयान में बताया कि कोरबा जिले चारो एरिया के अलावा एसईसीएल की सभी क्षेत्र में वर्ष 2004 से लेकर 2009-10 में भूमि अधिग्रहण किया गया था ।




### नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने स्वच्छता दीदी से बंधवाया रक्षा सूत्र

**कवर्धा, 11 अगस्त।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने स्वच्छता दीदी से रक्षा सूत्र बंधवाकर त्योहार की खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता दीदी से एक एक करके अपने कलाई में रक्षा सूत्र बंधावाया और सभी नगरवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ भाई-बहन के रिश्ते का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी विश्वास, सम्मान और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक भी है। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि वे हमारे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।रक्षा सूत्र बाँधने पहुँचे बड़े दीदी का पैर छूकर प्रणाम करते हुए सभी का आभार प्रकट किया और सम्मान स्वरूप मिठाई खिलाया। स्वच्छता दीदी भी इस तरह की आयोजन में अध्यक्ष को अपने बीच पाकर खुश हुए। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय का माहौल उत्साह और भाईचारे से भरा रहा।

### तेज रफ्तार कार ने कई बाइक सवारों को मारी टक्कर

**कोरबा 11 अगस्त** । आईटीआई से बुधवारी जाने वाला वीआईपी रोड एक बार फिर हादसे का गवाह बना। रविवार देर शाम अंधरीकछार स्कूल के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से कार चला रहे एक चालक ने सड़क पर जा रहे कई मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार को जब्त कर थाने ले गई। हादसे में घायल सभी व्यक्तियों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन दौड़ते हैं और पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से वीआईपी रोड पर स्पीड कंट्रोल के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# पद का दुरुपयोग करने पर महिला प्रधान आरक्षक बर्खास्त

**भिलाई,11 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन गृह पुलिस विभाग ने महिला प्रधान आरक्षक 942 मोनिका सोनी उर्फ मोनिका गुप्ता को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। विभागीय जांच में यह साबित हुआ कि उन्होंने एक व्यक्ति से नौकरी लगवाने के नाम पर अवैध रूप से रकम लेकर अपने पद का दुरुपयोग किया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने उनके निलंबन का आदेश जारी किया हैएसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि मोनिका सोनी पर आरोप था कि उन्होंने अभय कुमार की पुत्री प्रीति पटेल साहू को नौकरी दिलाने के नाम पर रकम ली और अपने पद का दुरुपयोग कर पुलिस नियमावली व सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन कियाण् इस मामले में शिकायत पर विभागीय जांच 28 अक्टूबर 2024 को प्रारंभ हुईण् जांच के दौरान तत्कालीन पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों के निर्देश पर साक्ष्य और गवाहों के बयान लिए गए। एसएसपी ने बताया कि जांच अधिकारी की रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि मोनिका सोनी के खिलाफलगे आरोप प्रमाणित हैं। मोनिका को 19 जुलाई 2025 को आरोपपत्र की प्रति प्रदान की गई थीए लेकिन उन्होंने निर्धारित समय में अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं कियाण् इसके बाद 28 जुलाई 2025 को अंतिम स्मरण पत्र भी जारी किया गयाए जिसका भी कोई जवाब नहीं दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन और साक्ष्यों के आधार पर यह सिद्ध हुआ कि मोनिका सोनी ने अपने पद का गंभीर दुरुपयोग करते हुए अवैध वसूली कीण् इस कृत्य को कदाचार और अनुशासनहीनता की श्रेणी में रखते हुए उनके आचरण को पुलिस विभाग के लिए अयोग्य माना।इसके साथ ही उनकी निलंबन अवधि 22 अगस्त 2024 से 5 जून 2025 तक की अवधि को सेवा में गणना के लिए निलंबन माना गया हैण् आदेश की प्रति पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज सहित संबंधित अधिकारियों को भेजी गई हैण् यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस आदेश के विरुद्ध मोनिका सोनी 30 दिनों के भीतर आईजी के समक्ष अपील कर सकती हैं।

### लेमरू में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कोरबा 11 अगस्त** । ग्राम पंचायत लेमरू में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए कार्यक्रम में विभिन्न ग्राम पंचायत के जन्म प्रतिनिधि विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपस्थित रहे जहां ग्रामीणों को शिविर में निशुल्क जांच परामर्श के साथ ही दवाओं का वितरण भी किया गया।आदिवासी शक्ति पीठ कोरबा के महासचिव श्री तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि शक्तिपीठ द्वारा पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसके तहत आज चैथे दिन में लेमरू के हाई स्कूल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 6 पंचायत ऑन में हिस्सा लिया डोकरमना, नाकिया शामिल है।

# पीएम सूर्य घर योजना पर परिचर्चा, 41 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन




**भिलाई, 11 अगस्त।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ने के उद्देश्य से परिचर्चा का आयोजन क्षेत्रीय मुख्यालय में किया गया। जहाँ उपभोक्ताओं को योजना के लाभों और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। परिचर्चा में विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त एवं कार्यरत अधिकारियों तथा कर्मचारियों, योजना से जुड़े वेंडर्स और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को योजना के लाभों, आवेदन प्रक्रिया और सब्सिडी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस पहल का नतीजा रहा कि 41 लोगों ने मौके पर ही योजना के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर सोलर प्लांट लगवाने की सहमति दी। सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि लोगों को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाने छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को भी तेज़ी से लागू कर रही है, जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र और राज्य सरकारों से अधिकतम 1,08,000 रु तक की सब्सिडी दी जा रही है। योजना के तहत 02 किलोवाट प्लांट से प्रतिमाह औसतन 240 यूनिट उत्पादन संभव है, जिस पर 90 हजार तक कुल सब्सिडी 60 हजार केंद्र 30 राज्य मिलती है। 03 किलोवॉट क्षमता के प्लांट से प्रतिमाह औसतन 360 यूनिट उत्पादन संभव है, और इसमें 78 हजार केंद्र 30 हजार राज्य यानी कुल 1,08,000 रु की सहायता मिलती है। शेष राशि के लिये जो उपभोक्ता बैंक से ऋण लेना चाहते हैं, उनके लिये आकर्षक एवं न्यूनतम वार्षिक ब्याज दर 6.0 से 6.5 प्रतिशत एवं कम से कम दस्तावेज यथा बिजली बिल, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वेंडर कोटेशन एवं फिजिबिलिटी रिपोर्ट के साथ राष्ट्रीयकृत बैंकों से ऋण भी उपलब्ध है। ज्ञात हो कि दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के 911 परिवार सोलर पैनल लगाकर ना केवल मुफ्त बिजली का लाभ उठा रहे हैं, बल्कि बिजली के बिलों से भी राहत पा रहे हैं। अधीक्षण अभियंता जे.जगन्नाथ प्रसाद ने बताया कि 2 किलोवॉट या अधिक क्षमता वाले प्लांट लगाने वाले उपभोक्ता प्रतिमाह 240 यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन 25 साल तक कर सकते हैं, जो 03 अगस्त के पहले लागू हॉफ बिजली योजना से मिलने वाली अधिकतम छूट (400 यूनिट पर 200 यूनिट रियायत) से भी ज्यादा है। ऐसे उपभोक्ता अपने घर में सौर ऊर्जा से उत्पन्न विद्युत का उपयोग कर न सिर्फ बिजली खर्च से मुक्ति पा सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में प्रवाहित कर आय भी अर्जित कर सकते हैं। कार्यपालन अभियंता छगन कुमार शर्मा ने बताया कि इस योजना का लाभ उपभोक्ताओं को पूर्णतया ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत दिया जा रहा है। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एच.के.मेश्राम, अधीक्षण अभियंता द्वय एस. मनोज एवं सलिल कुमार खरे, रिटायर्ड इंजीनियर एसोसिएशन दुर्ग के अध्यक्ष आर.एस.अग्रवाल, छत्तीसगढ़ बिजली सेवानिवृत्त कर्मचारी/अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक देवांगन आदि मौजूद रहे।

## निधन

### घनाराम पुरबिया



**भिलाई, 11 अगस्त।** अंचल के प्रख्यात गीत लेखक घनाराम पुरबिया (सोनकर) का 10 अगस्त को सुबह 11:30 बजे दुखद निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा आज 11 अगस्त सोमवार को प्रातः 9 बजे निवास स्थान डिपरापारा दुर्ग से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग के लिए प्रस्थान की । दिवंगत घनाराम पुरबिया मानव कुमार सोनकर, अध्यक्ष, भगवान श्री लँगूरवीर मन्दिर पब्लिक ट्रस्ट, शक्ति सोनकर, हेमंत सोनकर, प्रचण्ड सोनकर के पिताजी एवं पूर्व पार्षद श्रीमती रचना सोनकर के ससुर हैं।

एक नजर

## विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव, 11 अगस्त।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 11 अगस्त 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 11 अगस्त को सुबह 11.30 बजे स्पीकर हाउस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा पहुंचकर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2.15 बजे ग्राम टेड़ेसरा से कार द्वारा प्रस्थान कर स्पीकर हाउस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शाम 4.15 बजे स्पीकर हाउस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.30 बजे सतनाम भवन जीई रोड राजनांदगांव पहुंचकर मिनीमाता निर्वाण दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5.30 बजे सतनाम भवन जीई रोड राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 5.45 बजे स्पीकर हाउस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शाम 6.30 बजे स्पीकर हाउस राजनांदगांव से कार द्वारा स्पीकर हाउस रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## आपराधिक प्रवृति के 2 गिरफ्तार



**राजनांदगांव,11 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रो में असमाजिक तत्वों पर आवष्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देष प्राप्त हुआ है। दिनांक 10/08/25 को ग्राम फरहद,एवं ग्राम रेवाडीह में वाद विवाद की सुचना पर मौके पर रवाना होकर अनावेदकगणो को घटना स्थल पर पुलिस एवं आसपास लोगो द्वारा समझाने का प्रयास किया किन्तु अनावेदकगण समझने को राजी न होकर अधिक उत्तेजित होकर मारपीट पर आमदा हो गया गांव में असमाजिक रूप से अषांति फैलाने वाले व्यक्तियों को गिरफ्तार कर धारा 170/126, 135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजनांदगांव के समक्ष पेष कर जिला जेल राजनांदगांव निरूद्ध किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरी. राजेष कुमार साहू, प्रआर. प्रभात तिवारी आर. राजकुमार बंजारा, आर. कमल किषोर यादव,आर राकेष ध्रुव,आर. राकेष ठावरे की भुमिका सराहनीय रहा है।

## तिरंगा यात्रा को लेकर बीजेपी की तिल्दा नेवरा में हुई बड़ी बैठक



**तिल्दा नेवरा, 11 अगस्त।** तिरंगा यात्रा को लेकर बीजेपी की तिल्दा नेवरा में बड़ी बैठक सम्पन्न हुई बैठक में बलौदा बाजार विधायक कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कार्यकर्ताओं को तिरंगा यात्रा के साथ साथ हर घर तिरंगा ध्वज लगाने की अपील की साथ ही कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया इस अवसर पर तिल्दा नेवरा के बीजेपी कार्यकर्ता समलित हुए।

## डेस्क-बैंच देकर की गई स्मार्ट क्लास की शुरुआत

**रायपुर, 11 अगस्त।** चरामेति फाउंडेशन द्वारा



शिक्षा सेवा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खो - खो पारा को डेस्क एवं बैंच के 10 सेट प्रदान कर पहली कक्षा के लिए स्मार्ट क्लास का शुभारंभ करवाया गया।फाउंडेशन के राजेंद्र ओझा ने बताया कि निजी शालाओं की तरह शासकीय शालाओं में भी बच्चों को शिक्षा का अच्छा वातावरण मिले इस उद्देश्य से जन सहयोग से डेस्क - बेंच प्रदान किए गए हैं। दानदाताओं ने कक्षा पहली के छात्रों के चेहरों की खुशी को उपलब्धि एवं अमूल्य बताया। उपरोक्त कार्यक्रम एम. डी. बडगैयां, अरविंद कुमार, विपुल शाह, जी. पी. अखिलेश, नीलेश अग्रवाल, डॉ. मृणालिका ओझा एवं शालेय स्टाफ मनबोधी कुर्मी, मनहरण लाल कैवर्त, लोकेश साहू आदि की उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र कुमार मरकाम एवं आभार नीलकंठ वर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

## भोजन व्यवस्था के लिए 28 तक प्रस्ताव

**बिलासपुर।** बिल्हा के निपनिया स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में भोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था संचालन के लिए पंजीकृत महिला स्व सहायता समूहों से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। आवेदन के इच्छुक महिला समूह का पंजीयन एनआरएलएम अथवा एनयूएलएम में होना चाहिए। प्रस्ताव 28 अगस्त को दोपहर 2 बजे तक पहुंच जाने चाहिए। इसे 1 सितम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे खोला जाएगा।

# संविदा कर्मी पर ठेकेदारी की आड़ में भवन निर्माण का आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### सूचना पटल पर जानकारी गायब, काम सालों से अधूरा?



**छुरिया, 11 अगस्त।** जनपद पंचायत में एक संविदा कर्मचारी पर ठेकेदार की आड़ में भवन निर्माण कार्य करवाने का गंभीर आरोप लगा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छूरिया ब्लॉक अंचल के अंतर्गत आने वाले दो अलग-अलग गांवों में आदिवासी भवन निर्माण का कार्य सालों से अधूरा पड़ा है। जों संविदा कर्मचारी द्वारा करवाए जाने की जानकारी प्राप्त हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि इन भवनों के निर्माण में न तो ठेकेदार खुले तौर पर दिख रहे हैं, न ही कार्यस्थल पर अनिवार्य रूप से लगाए जाने वाले सूचना पटल मौजूद तो हैं लेकिन। दोनों ही जगहों पर सूचना पटल खाली पड़े हैं, कार्य की रुप रेखा योजना का नाम ही नहीं लिखा गया है निर्माण चालू दिनांक ना कार्य पूर्ण दिनांक जिससे यह स्पष्ट नहीं होता कि निर्माण कार्य किस एजेंसी या ठेकेदार को सौंपा गया है।

**कर्मचारियों की सीधी भागीदारी से इन्कार नहीं किया जा सकता**

ग्रामीणों से चर्चा करने पर पता चला कि भवन निर्माण सामग्री की खरीदी से लेकर कामकाज की निगरानी तक में जनपद पंचायत छुरिया के संविदा कर्मचारी और अन्य कर्मचारी सीधे तौर पर शामिल हैं। यहां और पारदर्शिता के नियमों के खिलाफ है, क्योंकि किसी भी निर्माण कार्य में ठेकेदार की नियुक्ति और उसकी जानकारी सार्वजनिक करना अनिवार्य है।

**कार्य सालों पहले शुरू हुए पर भवन आज भी अधूरा**

स्थानीय लोगों से चर्चा करने से पता चलता है है कि कार्य शुरू हुए सालों बीत चुके हैं, लेकिन भवन आज भी अधूरे खड़े हैं। निर्माण की गति इतनी धीमी है कि इसे कछुआ चाल कहना गलत नहीं होगा। चर्चा करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि कार्य में देरी और पारदर्शिता की कमी से परियोजना की गुणवत्ता और कार्य पर भी असर पड़ सकता है।

**अधिकारियों के संज्ञान में मामला**

जानकारी के अनुसार यह मामला अब अधिकारियों के संज्ञान में आ चुका है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही निर्माण कार्य, सामग्री खरीदी और जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका को लेकर जांच शुरू होगी। हालांकि, फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

गांव के लोगों से बात करने पर कहां सुचना पटल पर जानकारी पुरा होना चाहिए कि निर्माण स्थल पर नियमों के अनुसार सूचना पटल पर तुरंत जानकारी लिखवाएं जाए, अधूरे भवनों का कार्य समय सीमा में पूरा किया जाए और यदि कर्मचारियों की संलिप्तता साबित हो, तो

# आईटीबीपी कैंप में जवानों को बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 11 अगस्त।** वनांचल क्षेत्र मानपुर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जवान भाइयों को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए मानपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी नीतू बहन जी ने बताया कि रक्षा बंधन भाई और बहन का पवित्र त्यौहार है। रक्षा बंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताया कि तिलक लगाना माना आत्म स्मृति में रहना है। सभी जवान भाइयों की, दीर्घायु की कामना करते हुए थाना एवं आइटीबीपी, मानपुर, बसेली,खडगांव, कोहका, मदनवाड़ा, सीतागांव, के आईटीबीपी की इंस्पेक्टर राणा सर जी बसेली ने कहा ब्रह्माकुमारी बहनों ने कैंप में आकर जवानों का मनोबल बढ़ाया रक्षा बंधन भाई बहन का त्यौहार है बहनों को देख भाइयों के चेहरे पर उमंग खुशी नजर आ रहा है। साथ में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्य श्री तरुण कुमार हदगिया शिक्षक एवं केश्वरी साहू ,आलोका हलदर उपस्थित थे।

# दुकान में जा घुसी बेकाबू यात्री बस ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त, ड्राइवर फरार

**बालोद, 11 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में बालोद जिले में बेकाबू यात्री बस सड़क किनारे दुकान में जा घुसी. चपेट में आने से किसान का ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया है. हादसे के बाद से ड्राइवर मौके से फरार हो गया है. राहत की बात यह है कि किसी प्रकार की जनहानि इस हादसे में नहीं हुई है. घटना गुरुर थाना क्षेत्र की है. जानकारी के अनुसार, जगदलपुर की ओर से आ रही यात्री बस (छ्त्त 19 स्र 2277) रायपुर की तरफजा रही थी. इस बीच नेशनल हाईवे 30 ओर कोचवाही गांव के पास बस बेकाबू होकर सड़क किनारे दुकान में घुस गई. यह हादसा सुबह करीब 4 बजे का बताया जा रहा है. हादसे में कोई जनहानि की सूचना नहीं है.



घटनास्थल पर खड़े ट्रैक्टर को नुकसान पहुंचा है. वहीं घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है.

# तिरंगा यात्रा को लेकर हुई भाजपा मंडल की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 11 अगस्त।** जिला भाजपा के निर्देशन में भाजपा मंडल छुरिया द्वारा हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर साहू सामुदायिक भवन छुरिया में भाजपा मंडल छुरिया का बैठक आयोजित किया गया ।

जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विनोद खांडेकर पूर्व विधायक डोंगरगढ़ विशेष रूप से उपस्थित हुए । कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम मे स्वागत उद्बोधन मंडल अध्यक्ष कामता साहू ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश भाजपा एवं जिला भाजपा के निर्देशन में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है इसके लिए सभी कार्यकर्ता तैयारी में जुट जाये। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने भी संबोधित करते हुए तिरंगा यात्रा को



पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भव्य रूप से यात्रा निकालकर घर-घर तिरंगा फहराने की कार्यकर्ताओं से अपील की । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विनोद खाणडेकर ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रथम बार अजादी के पहले भी भारत में तिरंगा झंडा 1906 में कोलकाता के पारसी बंगाल चौक में प्रथम मार फहराया गया, इसके अलावा 1907 ,1917 एवं 1931 में भी झंडा फहराया गया था।

इस अवसर पर जगजीत सिंह भाटिया ,धन्ना यादव ,नैनसिंह पटेल, मोनू गुप्ता ,शिवा मिश्रा मायाराम साहू ,आमिर खान, आनंद वेलेकर, देवानंद सहारे, हेतराम साहू ,शीशुपाल साहू ,सोहन साहू ,श्रीमती उत्तरा निषाद ,पलनीस्वामी नायडू, सुनीता सेवता, रेखाबाई गंधर्व, लक्ष्मी यादव ,भूषण नेताम, अमीर खान ,गुलचरण कतलाम , शांताराम पंचारी, पदूम साहू ,नकूल नेताम,भूखन धनकर, प्रिंस भाटिया,राजकुमार सिन्हा, लेखराम निर्मलकर ,इशवर लाडे,टीकम पाण्डेय, खेदूराम सिन्हा, कुंदन बढोले,टामेश कुंभकार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक अशोक मरकाम एवं आभार उपाध्यक्ष नैनसिंह पटेल ने किया ।

## किसानों में व्याप्त भ्रांति को दूर करने शिवराज सिंह को ज्ञापन

**रायपुर, 11 अगस्त।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना यदि सोसायटियों के माध्यम से अल्पकालीन ऋण लेने वाले किसानों के लिये अनिवार्य है तो फिर इससे असहमति दर्ज कराने वाले किसानों को कव्हरेज से मुक्त क्यों किया जा रहा है और यदि स्वैच्छिक है तो फिर असहमति दर्ज न कराने वाले किसानों से बिना उनका सहमति लिये जबरिया उनके खाते से बैंकों द्वारा बीमा प्रीमियम की राशि का आहरण बीमा कंपनी के खाते में डालने क्यों किया जा रहा है। किसानों को संबंधित सोसायटियों से मौखिक ऊपरी आदेश होने संबंधी जानकारीमिलने से किसानों में व्याप्त आक्रोश व इस योजना के अनिवार्य अथवा स्वैच्छिक होने को लेकर व्याप्त भ्रांति को दूर करने की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को मेल से ज्ञापन भेज वस्तुस्थिति से किसानों को अवगत कराने का आग्रह किया है।

# 13 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

**कोरबा।** आगामी रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस और गणेश चतुर्थी जैसे बड़े त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कोरबा पुलिस ने जिले में अपराध नियंत्रण और नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं।

पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी ने हाल ही में आयोजित क्राइम मीटिंग में सभी थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया था कि नशीले पदार्थों, गांजा, नशीली टैबलेट और अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी लगाम लगाई जाए।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के इन निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा नीतिश ठाकुर और नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के मार्गदर्शन में जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसी अभियान के तहत साइबर सेल कोरबा और सिविल लाइन रामपुर पुलिस को



मुखबिर से महत्वपूर्ण सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति वाहन में अवैध गांजा लेकर तस्करी करने जा रहे हैं।

सूचना की पुष्टि होते ही दोनों इकाइयों की संयुक्त टीम ने तत्काल रणनीति बनाई और संभावित मार्ग पर सघन निगरानी शुरू की। पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की और संदिग्ध स्कॉर्पियो वाहन को रोकने में सफलता हासिल की। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अलग-अलग पैकेटों में रखा अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसका कुल वज़न 13 किलो 200 ग्राम पाया गया।

पुलिस ने मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है–

किरण महंत पिता पंचम दास, उम्र 35 वर्ष, निवासी रजगामार, अमोघनगर, थाना बालको नगर, जिला कोरबा। प्रकाश कुमार महंत पिता रुद्रनारायण, उम्र 32 वर्ष, निवासी पंप हाउस, नेहरू नगर, चौकी सीएसईबी, थाना सिविल लाइन रामपुर, जिला कोरबा। दिनेश कुमार यादव पिता स्व. श्याम लाल यादव, उम्र 40 वर्ष, निवासी रिस्ती चौक, कोटवार मोहल्ला, थाना सिविल लाइन रामपुर, जिला कोरबा। कृष्ण कुमार प्रजापति पिता नेतराम प्रजापति, उम्र 42 वर्ष, निवासी रामपुर बस्ती, थाना सिविल लाइन रामपुर, जिला कोरबा।

# घरेलू झगड़े अक्सर मान-अपमान की वजह से होते हैं : मुनि वीरभद्र

**राजनांदगांव 11 अगस्त।** श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि अक्सर लड़ाइयां मान कषाय की वजह से होती है। घरेलू झगड़े भी इसी वजह से होते हैं। एक व्यक्ति यदि मौन धारण कर ले तो यह झगड़ा होगा ही नहीं। एक-दूसरे का मान-सम्मान करें तो किंतु-परंतु की स्थिति कभी नहीं आएगी। जैन बगीचे के नए हाल में आज अपने नियमित प्रवचन में जैन संत श्री वीरभद्र (विराग )जी ने कहा कि धर्म क्षेत्र में मान कषाय का कोई महत्व नहीं है, जहां तत्व समझ में आ जाए तो कोई चीज मुश्किल नहीं होती। शरीर के नुकसान से यदि आत्मा का परमानेंट सॉल्यूशन निकल जाता है तो फिर कोई बात नहीं। भूमि श्री ने कहा कि आगे बढ़ना है तो परीक्षा देनी ही होगी। परिणाम अपने आप नहीं आते, उसे बुलाना पड़ता है। कषायों से आलिप्त व्यक्ति को कोई ध्यान नहीं रहता कि वह किसको क्या कह रहा है। दरअसल क्रोध के आवेश में आकर व्यक्ति स्वयं को ही भूल जाता है, वह स्वयं को नहीं पहचान पाता और कुछ भी कह जाता है। मुनि श्री ने कहा कि पहले हम बैठकर भोजन करते थे किंतु अब लाइन लगकर स्वान की तरह भोजन पर झपटते हैं। पहले जैसी आत्मीयता अब नहीं रही। बैठकर भोजन करने की परंपरा अब खत्म हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि क्रियाएं तो सभी को करनी पड़ रही है किंतु उसमें परमात्मा की आज्ञा शामिल नहीं होने की वजह से लोग दिग्भ्रमित हो रहे हैं।आज्ञा बिना धर्म का कोई वैल्यूएशन नहीं होता। मनमर्जी के अनुष्ठान से आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सकता। मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने आगे फरमाया कि अपने को गुस्सा क्यों आता है? उन्होंने कहा कि इसके पीछे का कारण यह है कि जीव अपने भीतर के रोग को तो निकालना चाहता है किंतु दोष को नहीं निकालना चाहता, अपने भीतर के अवगुणों को बाहर नहीं करना चाहता।

# दर्जनभर बार में देर रात पहुंची पुलिस, संचालकों को दी हिदायत

**बिलासपुर, 11 अगस्त।** न्यायधानी बिलासपुर में नशे के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. रविवार देर रात पुलिस ने संघन चेकिंग अभियान चलाया.

अभियान के तहत दर्जनभर बार में दबिश दी गई. पुलिस ने संचालकों को नियमों का पालन करने की कड़ी हिदायत दी है. जानकारी के मुताबिक, बिलासपुर पुलिस ने



अलग-अलग थाना क्षेत्र में यह कार्रवाई की है. इस दौरान बार संचालकों को साफ कहा गया कि अगर समय अवधि के बाद भी बार खुला पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी.

# बख्शी हायर सेकंडरी स्कूल में 162 छात्राओं को साइकिल वितरित

**राजनांदगांव, 11 अगस्त।** पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं आत्मानंद स्कूल में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं की 162 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय महापौर श्री मधुसूदन यादव जी थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति छग शासन के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद पारख जी ने किया विशेष अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन जिला

### बेटियां पढ़ेंगी तो आगे बढ़ेंगी : महापौर



भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा शाला के प्राचार्य श्रीमती सुनीता खरे वार्ड पार्षद श्रीमती अमृता मोहन सिन्हा पार्षद श्रीमती खेमिन राजेश यादव शेखर यादव समाज सेवी राजेश गुप्ता अग्रहरि उपस्थित थे इस अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव जी कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी तथा हमारे विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी की मंशा है कि देश की बेटियां पड़ेगी तो आगे बढ़ेगी बेटियों को स्कूल आने में दिक्कत न हो इसलिए सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण किया जा रहा है और इस शाला में 162छातरौओ को सायकल प्रदान किया जा रहा है साथ ही एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण भी किया गया जनभागीदारी समिति के मांग पर मंच पर शेड निर्माण एवं काउकेचर निर्माण कार्य की घोषणा किया गया इस जनभागीदारी समिति के सदस्य गण लोमश साहू राजेश यादव चेतन यादव श्रीमती गीता मारिया मोहन सिन्हा नरेश सारथी शैलेन्द्र साहू राजू साहू शिक्षक ओ पी देवांगन डी एल देवांगन टी आर साहू शेख सर कोहली मेडम सहित शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।

# सूर्यघर बिजली योजना: आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की ओर एक कदम

### छत पर सोलर पैनल लगाकर हितग्राही ऊर्जा, पर्यावरण का कर रहे संरक्षण,पैसों की बचत भी

**कोरबा, 11 अगस्त।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आज देश के हर घर को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल साबित हो रही है, जो न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रही है, बल्कि आमजन की आर्थिक बचत का जरिया भी बन रही है। पीएम सूर्यघर योजना से सरकार लोगों को सौर ऊर्जा से जुड़ने का अवसर दे रही है, जिससे उनका बिजली पर खर्च घट रहा है और पर्यावरण को भी संरक्षण मिल रहा है, साथ ही उन्हें सस्ती और सतत बिजली का स्रोत उपलब्ध हो रहा है, जो उनके जीवन स्तर को बेहतर बना रहा है।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से शहर के रविशंकर शुक्ल नगर में एचआईजी-15 निवासी डॉ बीपी विश्वकर्मा ने अपनी घर की छत पर 3 किलोवाट का रूफ्टॉप सोलर प्लांट लगवाया है। छत पर



सोलर पैनल लगाकर हितग्राही ऊर्जा, पर्यावरण व पैसे तीनों का एक साथ संरक्षण कर रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत उन्हें केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सब्सिडी प्रदान की गई, जिससे सोलर पैनल की कुल लागत में उल्लेखनीय कमी आई। अब उनके घर की बिजली जरूरतें सौर ऊर्जा से पूरी हो रही हैं और मासिक बिजली बिलों में भी राहत मिली है। हितग्राही डॉ विश्वकर्मा ने योजना से मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ऊर्जा के पारंपरिक स्रोतों से हटकर पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने की दिशा में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बड़ी फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि पहले जहाँ हर महीने बिजली का खर्च उनकी जेब पर भारी पड़ता था, अब वही राशि उनकी बचत का हिस्सा बन गई है। सोलर पैनल से ही घरेलू खपत की बिजली खुद पूरी कर रहे है, जिससे उन्हें अधिक बिजली बिल के भुगतान से राहत मिली है। साथ ही हर महीने बिजली बिल में हजारों की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि अब उनके घर में बिजली की निर्बाध आपूर्ति होने अब हर महीने बिजली बिल में हो रही हजारों की बचत से बिजली कटौती की समस्या खत्म हो गई है। साथ ही सोलर पैनल से पंखा, बल्ब, टीवी, एसी और अन्य उपकरण आसानी से चल रहे हैं।

डॉ. विश्वकर्मा ने बताया कि योजना की जानकारी मिलते ही उन्होंने हरित ऊर्जा अपनाने का निश्चय किया। ऑनलाइन आवेदन करने के कुछ दिनों के अंदर ही विभागीय स्वीकृति मिली एवं उनके छत पर 1.90 लाख रुपए की लागत से 3 किलोवाट का सोलर पैनल लग गया। इसके लिए उन्हें केंद्र सरकार से तत्काल 78 हजार की सब्सिडी भी प्राप्त हुई। करीब 7 माह पहले उनकी छत घर पर सोलर पैनल स्थापित हुई।

योजना का लाभ लेने से पहले घरेलू बिजली 5-6 हजार प्रतिमाह उन्हें भुगतान करना पड़ता था, अब वहीं बिजली बिल आधे से घटकर 500 से 1000 तक सिमट गया है। हितग्राही डॉ विश्वकर्मा ने अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि अब हमारा परिवार बिजली के मामले में आत्मनिर्भर हो गए हैं साथ ही पर्यावरण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी भी निभा पा रहे हैं।

# राधाकृष्ण मंदिर के सामने शेड निर्माण का भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 11 अगस्त।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 02 के अंतर्गत ग्राम बोइरडीह में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर के सामने बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन समारोह बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सांकेत वैष्णव, सभापति जनपद पंचायत राजनांदगांव ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में श्री परदेशी सोनबोइर (तिलई मंडल अध्यक्ष), श्री सूर्यकान्त भंडारी, श्री महेश यादव (सरपंच ग्राम पंचायत बोइरडीह), श्रीमती रामबाई लहरे (उपसरपंच) सहित पंचगण– गंगादास मंडले, राधेलाल धनकर, लीला साहू, प्रताप साहू, पार्वती यादव और कलेदरी धनकर उपस्थित थे।

## संपादकीय

# सेना ने साफ किया, खुली छूट थी

आपरेशन सिंदूर को लेकर संसद में पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री, गृहमंत्री के बयान के बाद भी कांग्रेस कई तरह से सवाल उठा रही थी।राजनीति की जा रही थी, कहा जा रहा था कि सेना को खूली छूट नहीं थी, पीएम मोदी ने अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के कहने पर युध्द रोक दिया था, उनके सामने सरेंडर कर दिया था। राजनीति के लिए देश के नेतृत्व को कमजोर बताने का प्रयास किया जा रहा था। इससे देश के राजनीतिक नेतृत्व की मजबूती को लेकर सवाल उठाए जा रहे थे, ऐसे में जरूरी हो गया था कि ऐसा कुछ इंतजाम किया जाता कि विपक्ष को भविष्य में आपरेशन सिंदूर को लेकर कोई सवाल उठाने का मौका नहीं मिलता। इसलिए आपरेशन सिंदूर को लेकर वायु सेना प्रमुख के बाद थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र व्दिवेदी को सामने आकर बयान जारी करना पड़ा है कि देश के राजनीतिक नेतृत्व ने सेना को स्पष्ट दिशा दी थी। थल सेना प्रमुख ने बताया कि यह पारंपरिक युध्द नहीं था,यह शतरंज के खेल जैसा था।दुश्मन की अगली चाल पता नहीं थी। लेकिन हम तैयार थे, संघर्ष 14 दिन भी चल सकता था और 1400 दिन भी चल सकता था।थलसेना प्रमुख के अनुसार अगला युध्द जल्द हो सकता है, इसके लिए हमें तैयार रहना होगा। इस समय दुनिया में56 जगह संघर्ष चल रहे हैं, इसमें 92 देश शामिल हैं। ऐसे में भारत की पांचवीं पीढ़ी को युध्द के लिए तैयार रहना होगा।इससे पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने आपरेशन सिंदूर में वायु सेना की सफलता का ब्यौरा देते हुए बताया था हमने पाक के पांच जेट और एक अवाक्स विमान गिराया था और पाकिस्तान के कई आतंकवादी ठिकानों सहित कई एयरबेस को बहुत नुकसान पहुंचाया था इसी वजह से पाकिस्तान को चार दिन में घुटनों पर आना पड़ा और युध्द विराम का आग्रह किया था।वायुसेना प्रमुख ने इस सवाल का भी जवाब दिया कि युध्द क्यों रोका। उन्होंने बताया कि लक्ष्य हासिल करने के बाद युध्द को खींचने कोई मतलब नहीं था.देश ने सही समय पर सही फैसला किया। सेना को किसने रोका इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हमें खुली छूट थी, हमे ही तय करना था हमें कितना आगे बढ़ना है. हमारी सफलता का एक कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति थी।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको कार्यस्थल पर किसी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा इससे आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से कोई सलाह मिलेगी। इस राशि के छात्र आज अपनी शैक्षिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपनी डेली रूटीन में कुछ नए बदलाव करेंगे। आज आपको ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग मिलेगा, बिगड़े काम भी बन जायेंगे। आज आप कुछ नये विचारों पर भी काम करेंगे और आपका दिन भक्तिमय रहेगा।

**वृष** आज का दिन आपके लिए ख़ास रहेगा। आज आप कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। आज धर्म और सामाजिक कामों में आपकी रुचि बढ़ सकती है। आज आप नेगेटिव व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखें , जिससे आपके काम आसानी से पूरे हो जाएँ। आज आप कुछ बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है, जिसमें भाई की मदद लेना आपके लिए फायेदेमंद रहेगा। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने कामों में ही व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि ना लें। पारिवार के वरिष्ठ सदस्यों का अनुभव तथा सहयोग आपके लिए बहुत अधिक लाभदायक रहेगा। आज संतान से खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे। आज विरोधी आपके सामने नतमस्तक होगा। आस पास के लोग आपके लिए मददगार साबित होंगे। जरूरत से ज्यादा सोचने से आपको बचना चाहिए अन्यथा मानसिक उलझन का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप किसी काम को नए तरीके से करने पर विचार करेंगे, इससे आपका काम आसान हो जायेगा। आज आप अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे। आज कारोबार और परिवार में बैलेंस बना रहेगा। अगर आप कोई भी काम स्टार्ट करने जा रहे हैं तो माता पिता का आशीर्वाद लेकर ही शुरू करें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप व्यापारिक गतिविधियों में अपने धैर्य को बनाये रखेंगे, आपकी स्थितियां जल्द ही सुधरती नज़र आएंगी। आज आप दूसरों के मामलों से दूर रहें और अपने काम के ऊपर फोकस करें। आपका मिलनसार व्यवहार सबको बहुत पसंद आएगा। आज आप विरोधी से बचकर रहें और अपनी महत्वपूर्ण योजनाओं को गुप्त ही रखें।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। व्यवसाय में अपना पूरा ध्यान मार्केटिंग और काम के प्रमोशन में लगाएं। निश्चित रणनीति बनाकर काम करने से सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी। विस्तार संबंधी योजनाओं को गंभीरता से लें। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेंगे, जिससे कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपको अपने काम में सहयोगियों का सहयोग मिलेगा जिससे काम समय से पूरा हो जायेगा, आप काम के नए टारगेट बनायेंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली बनी रहेगी, शाम को कहीं बाहर जाने का प्लान बना सकते हैं।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप कुछ समय मनोरंजन सम्बन्धी गतिविधियों में बिताएंगे। आज आपके द्वारा कुछ सराहनीय काम किये जा सकते हैं, जिससे आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। आज संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। आज पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा। आज अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें।

**धनु** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहेगा। आज कुछ समय से चल रहे पारिवारिक वाद-विवाद निपटने से घर में सुकून और शांति पूर्ण माहौल रहेगा। तथा आप अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ध्यान दे पाएंगे। इस समय कई नई तरह की गतिविधियों में भी व्यस्तता रहेगी और उचित परिणाम मिलेंगे। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा।

**मकर** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप अपनी भावनाओं के साथ दूसरों के भी भावनाओं का ख्याल रखेंगे। आज आप परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। आज सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आज आपको अटके हुए धन की प्राप्ति होगी, जिसका उपयोग आप अपने निजी कार्यों में कर सकते हैं।

**कुम्भ** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज कुछ समय अपने पारिवारिक तथा व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना संबंधों में मधुरता लाएगा। आज प्रोफेशनल कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव हो सकता है। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे, जिससे समाज में आपका सम्मान होगा।

**मीन** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक होंगे। आज धर्म और सामाजिक कामों में आपकी रुचि हो सकती है। आज व्यापार को बढानें के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आज मिलजुल कर किये गए कामों में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

## चिंतन

# आदिवासी संस्कृति में निहित भारतीय ज्ञान परंपरा की विरासत

✍ श्रीमती सुशीला गवाडेकलमु



> समकालीन जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी संकट के युग में यह दृष्टिकोण अत्यंत उपयोगी है। संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांत से मेल खाता है। वही वृक्षों को जीवंत इकाई मानने की परंपरा कई देशों में अब कानूनी रूप ले रही है, जबकि भारत के आदिवासी यह हजारों वर्षों से कर रहे हैं। पारंपरिक कृषि प्रणाली और खाद्य संप्रभुता में तो आदिवासी किसान आज भी परंपरागत बीजों, झूम खेती, सहायक फसलों, और जैविक खादों का प्रयोग करते हैं। ये पद्धतियाँ भूमि की उर्वरता बनाए रखती हैं और जल संरक्षण में भी सहायक होती हैं। सरकार द्वारा मिलेट मिशन जैसे कार्यक्रमों संचालित कर आदिवासीयों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। रासायनिक खाद और कीटनाशकों से होने वाले नुकसान के मद्देनज़र यह मॉडल सतत कृषि के लिए आदर्श है।

भारत सरकार के द्वारा देश के तीसरे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जो की 29 जुलाई 2020 से संपूर्ण देश में लागू किया गया जिसमें भारत की शिक्षा प्रणाली को समग्र, लचीला, बहुआयामी और वैश्विक मानकों के साथ 21वीं शताब्दी के मांग के अनुरूप गया है। जिसमें मूल भाषा में शिक्षा, बहुभाषी शिक्षा कौशल विकास के साथ एक महत्वपूर्ण पहलू की जो अब तक रह गया था हमारे पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया भारतीय ज्ञान परंपरा , ब्रिटिश शासन के समय 1835 में लॉर्ड मैकाले के द्वारा अंग्रेजी शिक्षा पद्धति लाया गया था जिसके द्वारा कहा गया था कि हमें ऐसे भारतीय तैयार करना है जो दिखने में तो भारतीय हो पर वैसे भारतीय ना हो परिणाम यह हुआ कि एक समृद्ध भारतीय ज्ञान परंपरा को भूलते चले गये आज की वर्तमान परिदृश्य में आज कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहाँ भारतीय ज्ञान परंपरा की जरूरत ना हों। भारतीय ज्ञान परंपरा ही आदिवासी संस्कृति में निहित है , ऐसे में हम आदिवासी समाज की तरफदेखते है और पाते है कि आज भी वे सतत परंपरा को अपनाते हुए आनंदमयी जीवन जी रहे है। भारत एक बहुसांस्कृतिक, बहुभाषी और बहुजातीय देश है, जिसकी आत्मा ग्रामीण और आदिवासी समाजों में बसती है। भारतीय ज्ञान परंपरा केवल वैदिक ग्रंथों या शास्त्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की लोक परंपराओं, जनजातीय जीवनशैली और दैनिक जीवन के अनुभवों में भी व्याप्त है।

विशेष रूप से आदिवासी समुदाय, जिन्होंने हज़ारों वर्षों से प्राकृतिक संसाधनों के साथ सह- अस्तित्व, सामूहिकता, और पारंपरिक ज्ञान को जीवित रखा है, IKS के जीते-जागते उदाहरण हैं। आज जब आधुनिक सभ्यता अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, तो आदिवासी परंपराएं नई दिशा दिखा रही हैं। जैसे - भारतीय संस्कृति की नींव ही प्रकृति के प्रति श्रद्धा पर आधारित रही है। आदिवासी समुदाय, विशेष रूप से गोंड, भील, संथाल, मुंडा आदि जनजातियाँ साल वृक्ष, महुआ, नदी, पहाड़ जैसे प्राकृतिक तत्वों की पूजा करते हैं। वे मानते हैं कि मनुष्य और प्रकृति एक-दूसरे के पूरक हैं, न कि विरोधी। प्रकृति पूजन और पर्यावरणीय सहअस्तित्व को बताती है। दृष्टिकोण भारतीय ज्ञान परंपरा की उस धारणा को पुष्ट करता है जो कहती हैः

***यस्य भूतेषु आत्मा एव भवति, स पश्यति।***

(जो सब प्राणियों में आत्मा को देखता है, वही सच्चा ज्ञानी है।).

समकालीन जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी संकट के युग में यह दृष्टिकोण अत्यंत उपयोगी है। संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांत से मेल खाता है। वही वृक्षों को जीवंत इकाई मानने की परंपरा कई देशों में अब कानूनी रूप ले रही है, जबकि भारत के आदिवासी यह हजारों वर्षों से कर रहे हैं। पारंपरिक कृषि प्रणाली और खाद्य संप्रभुता में तो आदिवासी किसान आज भी परंपरागत बीजों, झूम खेती, सहायक फसलों, और जैविक खादों का प्रयोग करते हैं। ये पद्धतियाँ भूमि की उर्वरता बनाए रखती हैं और जल संरक्षण में भी सहायक होती हैं। सरकार द्वारा मिलेट मिशन जैसे कार्यक्रमों संचालित कर आदिवासीयों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। रासायनिक खाद और कीटनाशकों से होने वाले नुकसान के मद्देनज़र यह मॉडल सतत कृषि के लिए आदर्श है।

पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का जीता जाता उदाहरण छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के एक प्रसिद्ध पारंपरिक चिकित्सक 'वैद्यराज' श्री हेमचंद मांझी जिसे पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया था जो इस बात का प्रमाण है कि पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली और जड़ी-बूटियों का ज्ञान से आदिवासी समाजों में गुनिया, वैद्य या ओझा के पास स्थानीय वनस्पतियों और औषधीय पौधों का गहरा ज्ञान होता है। जैसेः गिलोय- बुखार व रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए। भुइं आंवला-पीलिया के लिए। महुआ के फूल- ऊर्जा और औषधि दोनों रूप में। यह आयुर्वेद और लोक चिकित्सा की साझा विरासत है जो मौखिक परंपरा द्वारा पीढ़ियों से संजोई गई है। वर्तमान में आयुष मंत्रालय द्वारा पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

वैश्विक स्तर पर भी डब्ल्यूएचओ ने 2022 को Traditional Medicine Decade घोषित किया-यह आदिवासी चिकित्सा पद्धतियों की स्वीकार्यता का संकेत है। आदिवासी समाज में सामाजिक संरचना के तहत सामूहिकता और स्वशासन की झलक ने अंग्रेजो को भी लोहे के चने चबाने पड़े थे , अतीत से लेकर वर्तमान तक इन जनजातीय समाजों का गौरवशाली इतिहास है, जिसको भारत सरकार ने देश के स्वतंत्रता के 75 में वर्षों का जश्न मनाते हुए वर्ष 2021 में आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान आदिवासी के भगवान् बिरसा मुंडा के जन्मतिथि 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया, यह दिन आदिवासी समुदायों के गौरवशाली इतिहास संस्कृति और विरासत का जश्न मनाने मानता है 2024 में, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस समारोह को हर विद्यालय महाविद्यालय हर्षोल्लास के साथ मनाया गया था ।

आज भी आदिवासी समाजों की ग्राम सभा, मंझी, मुखिया, गोटुल, देवगुड़ी जैसी संस्थाएं IKS के विकेन्द्रीकृत शासन के आदर्श को दर्शाती हैं। यहां निर्णय सर्वसम्मति से लिए जाते हैं, और सभी की भागीदारी सुनिश्चित होती है। इसमें न्याय, पुनर्वास, संपत्ति वितरण आदि सब शामिल होता है। गांधीजी का 'ग्राम स्वराज' इसी विचार पर आधारित था और समकालीन पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह मॉडल अनुकरणीय है। संस्कृतिक विरासत की परिदृश्य आदिवासियों की कर्मा नृत्य ( कृषि से जुड़ा सांस्कृतिक आयोजन) व गोंडी चित्रकला (ब्रह्मांड और प्रकृति के तत्वों का चित्रात्मक प्रस्तुतीकरण ) करता है जो वर्तमान की सांस्कृतिक विविधता और समुदाय आधारित शिक्षा के लिए प्रेरणा स्त्रोत। जिसे UNESCO द्वारा मौखिक परंपराओं को Intangible Heritage में मान्यता। जिससे नई पीढ़ी में सांस्कृतिक पहचान और आत्मगौरव की भावना विकसित किया जा सकता है।

आदिवासियों की पारंपरिक तकनीकी और शिल्प ज्ञान प्रकृति के अनुरूप तकनीक विकसित करने का प्रमाण है, जो ऊर्जा खपत, अपशिष्ट और पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम करता है। जैसे - बस्तर की बेलमेटल कला, संथालों की लकड़ी की मूर्तियाँ और बांस निर्माण सभी में अत्यंत उन्नत स्थानीय तकनीकी ज्ञान समाहित है।

### (ट्रांसफर का इंतजार : 9 साल, 9 बहाने)

# हरियाणा में टीचर ट्रांसफर : सरकारी सिस्टम का अमर रोग

✍ डॉ. सत्यवान सौरभ



> जब एक शिक्षक रोज़ 150 किलोमीटर सफर करता है, तो वह सिर्फ सड़क नहीं नापता- वह अपनी उम्र, अपने रिश्ते और अपने सपनों को भी नापता है। हरियाणा की ट्रांसफर व्यवस्था वैसी ही है जैसे किसी घर में पुराना अलार्म घड़ी—जो साल में एक–दो बार सही बज जाती है, बाकी समय बस टिक–टिक करती रहती है। फर्क बस इतना है कि यहां गलती से भी अलार्म बज जाए, तो सरकार चौंककर कहती है—अरे! यह तो अपने आप हो गया, अगली बार ध्यान रखेंगे कि जल्दी न हो।

हरियाणा में शिक्षक ट्रांसफर एक ऐसी बीमारी बन चुका है, जिसका कोई इलाज सरकार के पास नहीं, और शायद खोजने की कोशिश भी नहीं। यह बीमारी केवल प्रशासनिक फाइलों में नहीं, बल्कि हजारों शिक्षकों के दिलों, दिमाग और घरों में पसरी हुई है। बीते नौ साल से इसका लक्षण एक ही है—वादा, तारीख, बहाना, फिर नई तारीख, और फिर एक और बहाना। सरकारें आती-जाती रहीं, चेहरों पर बदलाव होता रहा, पर इस बीमारी की आदत नहीं बदली।

सरकार के लिए यह सिर्फ एक प्रक्रिया है—कंप्यूटर के एमआईएस पोर्टल पर एक क्लिक, किसी फाइल को एक टेबल से दूसरी टेबल पर रखना। लेकिन एक शिक्षक के लिए ट्रांसफर का मतलब है—हर दिन 80-150 किलोमीटर का सफर खत्म होना, बीमार माता-पिता के पास लौटना, बच्चों की हंसी सुनना, या बीमार जीवनसाथी का हाथ पकड़ना। यह उसकी जीवन की दिशा तय कर सकता है, लेकिन सरकारी दृष्टि में यह बस एक पेंडिंग केस है, जो किसी दिन निपटा दिया जाएगा।

इस बीमारी का इलाज ढूंढने की जगह सरकार ने बहानों की एक स्थायी दुकान खोल रखी है। कभी एमआईएस पोर्टल में गड़बड़ी, कभी डेटा में विसंगति, कभी प्रक्रिया स्थगित, कभी चुनाव आचार संहिता, कभी मिड-सेशन का बहाना, तो कभी मॉडल संस्कृति स्कूलों के टेस्ट—और फिर उन्हें भूल जाना। बहानों की यह लिस्ट इतनी लंबी हो चुकी है कि अब कोई नया बहाना खोजने की भी जरूरत नहीं पड़ती—पुराने बहाने ही नए पैक में पेश कर दिए जाते हैं, जैसे पुराने अनाज में नया लेबल चिपका देना।

पिछले दिसंबर में नई सरकार आई तो शिक्षकों में उम्मीद की लौ जली। कहा गया—कुछ हफ्तों में ट्रांसफर हो जाएंगे। शिक्षकों ने राहत की सांस ली। मार्च आया—थोड़ा इंतज़ार करें। मई—अब जल्दी करेंगे। जून, जुलाई, अगस्त—हर बार नया वादा, वही बहाना। नई सरकार ने पुराने बहाने ही नए पैकेजिंग में बेच दिए। बस डायलॉग बदल गए, नीयत वही रही। शायद सरकार के अफसर मानते हैं कि रोज़ 80-150 किलोमीटर का सफर करने वाले शिक्षक किसी फिटनेस मिशन का हिस्सा हैं। सुबह 5 बजे घर से निकलना, बीएलओ ड्यूटी, पीपीपी अपडेट, मिड-डे मील का हिसाब, एक साथ तीन कक्षाओं को पढ़ाना—सरकार की नज़र में यह वर्कआउट है। यह अलग बात है कि इस वर्कआउट में शिक्षक की कमर और घुटने पहले जवाब दे देते हैं, फिर मन और आत्मा।

घर अब रविवार का ठिकाना बन चुका है। बच्चों की हंसी, माँ की दवाई, घर की छोटी-बड़ी जिम्मेदारियां—सब सिर्फ सोच में रह जाती हैं। जब शिक्षक खुद अपने बच्चों से दूर रहकर दूसरों के बच्चों को पढ़ाता है, तो यह त्याग है या मजबूरी? सरकार इसे त्याग कहकर अपनी पीठ थपथपा लेती है, लेकिन यह सच में किसी का दिल तोड़ने वाला मजबूरी का जीवन है। संवेदनशीलता किस मंत्रालय के अधीन आती है, शायद किसी को याद नहीं। सरकारी फाइलों में ट्रांसफर बस एक डेटा कॉलम का बदलाव है, लेकिन असल में यह किसी इंसान की मानसिक शांति, पारिवारिक स्थिरता और पेशेवर प्रदर्शन का आधार है। लेकिन इन बातों का कोई कॉलम एमआईएस पोर्टल पर नहीं होता, इसलिए इनकी कोई अहमियत भी नहीं। सरकारी जवाब हमेशा तय होता है—जल्दी होंगे, सिस्टम पर काम चल रहा है। यह वही जल्दी है जिसमें 9 महीने में बच्चा पैदा हो जाता है, पर ट्रांसफर का फाइल पोर्टल से बाहर नहीं निकलता। सच तो यह है कि ट्रांसफर का बटन तभी दबता है, जब राजनीति को उसका फायदा हो। चुनाव नज़दीक आएं या किसी खास वोट बैंक को खुश करना हो, तभी प्रक्रिया अचानक तेज़ हो जाती है। बाकी समय, तकनीकी कारणों के ताले में शिक्षक की जिंदगी कैद रहती है। यह समझना होगा कि शिक्षक मशीन नहीं है। उसके पास भी भावनाएँ हैं, थकावट है, परिवार है, सपने हैं। जब सरकार उसकी परेशानियों को व्यक्तिगत कहकर टाल देती है, तो वह केवल हतोत्साहित नहीं होता—वह धीरे-धीरे टूटने लगता है। और एक टूटा हुआ शिक्षक सिर्फ अपना मनोबल नहीं खोता, बल्कि आने वाली पीढ़ी के सपनों को भी कमजोर कर देता है।

ट्रांसफर कोई फेवर नहीं, बल्कि अधिकार है। इसे एक पारदर्शी, समयबद्ध और संवेदनशील प्रक्रिया में किया जाना चाहिए। परिवार, स्वास्थ्य और सामाजिक परिस्थितियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। तकनीकी गड़बड़ियों और बहानों की यह पुरानी आदत खत्म होनी चाहिए। हरियाणा की ट्रांसफर व्यवस्था उस पुराने हैंडपंप जैसी है, जो कभी पानी देता है, कभी नहीं। जब पानी आता है, लोग कहते हैं—देखो, काम कर रहा है। और जब नहीं आता, तो कहते हैं—पाइपलाइन ठीक हो रही है, इंतज़ार करो। सवाल है—कब तक शिक्षक अपनी जिंदगी इस सूखी पाइपलाइन के भरोसे गुज़ारेंगे?

ट्रांसफर में देरी कोई तकनीकी गलती नहीं—यह संवेदनशीलता की कमी है। जब तक सरकार यह नहीं समझेगी कि शिक्षक भी इंसान है, तब तक यह रोग अमर रहेगा। नई सरकारें पुराने इलाज को नए नाम से बेचती रहेंगी, और मरीज—यानि शिक्षक—दिन-ब-दिन कमजोर होता जाएगा। शिक्षक का पद सम्मानित है, लेकिन यह सम्मान सिर्फ मंच पर भाषणों में नहीं, उनके जीवन में भी दिखना चाहिए। जब शिक्षक घर लौटकर अपने बच्चों के साथ खाना खा सके, बीमार माता-पिता की सेवा कर सके, या जीवनसाथी का हाथ पकड़कर मुश्किल वक्त में खड़ा रह सके, तभी शिक्षा का असली मूल्य बनेगा। वरना, हम बस आंकड़ों में शिक्षक संतुष्टि लिखते रहेंगे, और हकीकत में वे भीतर से खाली होते जाएंगे।

सरकार को अब सिर्फ नीति नहीं, नीयत भी बदलनी होगी। सिस्टम को यह मानना होगा कि शिक्षक कोई संसाधन नहीं, बल्कि समाज की आत्मा हैं। और जब आत्मा को रोज़-रोज़ थकाकर, तोड़कर, दूर रखकर जिंदा रखने की कोशिश की जाती है, तो न समाज बचता है, न शिक्षा।

# संगीत बच्चों की कम उम्र से ही करता है भावनाओं को पहचानने में मदद

संगीत एक ऐसी कला है, जो मन को सुकून देकर खुशी महसूस करवाने का जादू रखती है। चाहे हम खुश हों या उदास हों, संगीत सभी भावनाओं को व्यक्त करने का जरिया माना जाता है। बड़ों के लिए अपनी भावनाओं को समझना आसान होता है, लेकिन बच्चे ऐसा नहीं कर पाते हैं। ऐसे में संगीत उनका सहारा बन सकता है। एक अध्ययन के मुताबिक, संगीत छोटे बच्चों की कम उम्र से ही भावनाओं को पहचानने में मदद कर सकता है। फिलाडेल्फिया के पेन स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज के मनोविज्ञान विभाग के शोधकर्ताओं ने यह अध्ययन किया है। वे संगीत के माध्यम से भावहीन व्यवहार से जुड़े लक्षणों वाले बच्चों की भावनाओं को समझने का प्रयास करना चाहते थे। जो बच्चे सहानुभूति या अपराधबोध जैसी भावनाओं का अभाव महसूस करते हैं, उनके आक्रामक होने का खतरा ज्यादा रहता है। इसी कारण से शोधकर्ता छोटी उम्र से ही बच्चों को संगीत के माध्यम से भावबोधक बनाने की कोशिश में जुटे थे।

शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन के लिए फिलाडेल्फिया के 3 से 5 साल की आयु वाले 144 बच्चों की जांच की थी। उन्हें 5-5 सेकंड की संगीत क्लिप सुनाई गई थी। इनके जरिए यह देखने का प्रयास किया गया था कि वे खुशी, उदासी, शांति या भय को कितनी अच्छी तरह पहचानते हैं। यह अध्ययन उन बच्चों के सामुदायिक नमूने पर किया गया, जिनमें समग्र रूप से कठोर-भावनाहीन लक्षणों का स्तर कम था। इस अध्ययन के नतीजों को चाइल्ड डेवलपमेंट पत्रिका में प्रकाशित किया गया था। इसमें सामने आया कि बच्चे संगीत के माध्यम से भावनाओं की पहचान ज्यादा सटीकता से कर सकते हैं। उम्र के साथ उनका प्रदर्शन भी बेहतर होता जाता है। इसके अलावा, पाया गया कि जिन बच्चों के माता-पिता उन्हें कठोर-भावनाहीन वाले लक्षणों में ज्यादा अंक देते हैं, वे संगीत में भावनाओं की पहचान कम कर पाते हैं। हालांकि, उन्हें डरावना संगीत पहचानने में ज्यादा मुश्किल नहीं होती।

इस अध्ययन की सह-वरिष्ठ लेखिका एसोसिएट प्रोफेसर रेबेका वालर ने कहा, हमें पता चला है कि बच्चे 3 साल की उम्र में भी भावनाओं को सही भावनात्मक संगीत से मिलाने में अच्छे होते हैं। यह इस बात पर जोर देता है कि संगीत भावनात्मक समाजीकरण और सामाजिक कौशल शिक्षण के लिए कितना महत्वपूर्ण हो सकता है। नतीजे साफ तौर पर कहते हैं कि संगीत सुनने से बच्चे अपनी भावनाओं को समझना और व्यक्त करना सीख सकते हैं।

सबसे दिलचस्प निष्कर्षों में से एक यह है कि चेहरे के भावों की तुलना में संगीत से भावना पहचान में अंतर होता है। अध्ययन के मुताबिक, कठोर-भावनाहीन लक्षणों वाले बच्चों को चेहरे के भावों से संकट को पहचानने में अधिक कठिनाई होती है। शोधकर्ताओं को यह देखकर आश्चर्य हुआ कि कठोर-भावनाहीन लक्षणों वाले बच्चे भी संगीत सुनकर भय को पहचानने में सक्षम थे। इससे पता चलता है कि संगीत भावना पहचानने के लिए अद्वितीय रूप से उपयुक्त हो सकता है।

# देश के पहाड़ों पर बसाहट की आधुनिक तकनीकी कौशल की आवश्यकता

✍ अजय दीक्षित



उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हिमालय की गोद में बसे पहाड़ों पर दिनों दिन आबादी और पर्यटकों होटलों, सड़कों का बेहिसाब बोझ बढ़ता चला जा रहा है, इसके चलते भूस्खलन, बादल फटने भारी बारिश से उमड़े सैलाब से त्रासदी दर त्रासदी हो रही है और अब भारत सरकार को माउंटेन इंजीनियरिंग के विकसित कौशल को कड़ाई से लागू करने की आवश्यकता है।विगत दिवस ही केदारनाथ के नजदीक धावली नामक में भारी बारिश से उमड़े सैलाब में 150 से अधिक लोगों की मौत हो गई और तमाम घर, होटल, सेना का कैंप माचिस की तीलियों की तरह बिखर गया है।2013 में केदारनाथ धाम में सैलाब आया था तब हजारों लोगों मौत के मुंह में समा गए।सुनते हैं कि नैनीताल में भी बादल फटने से सैलाब आया है।दूसरी ओर भारत सरकार इन दुर्गम क्षेत्रों में सड़क, परियोजना पर कार्य कर रही है। ऋषिकेश से बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ धाम को फोर लेन सड़क परियोजना चल रही है।पूरे गढ़वाल क्षेत्र में बड़ी बड़ी मशीनों से कार्य चल रहा है। भारत सरकार ने पर्यावरण विशेषज्ञ की राय को नजरंदाज कर कार्य किया है ऋषिकेश से रुद्र प्रयाग रेल लाइन पर भी कार्य चल रहा है। लेकिन त्रासदी भी हो रही हैं। नैनीताल, शिमला, मसूरी, मनाली, कुल्लू, डलहौजी, अल्मोड़ा, रानीखेत, मुक्तेश्वर, बागेश्वर, कसौली, किन्नौर, आदि स्थानों पर करोड़ों की संख्या में पर्यटकों का आना जाना है। एक तरह से पर्यटक हब विकसित हो गया है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, में होटलों का अंबार लग गया है। इससे पहाड़ों पर बोझ बढ़ गया है। पहाड़ दरकने लगे हैं और भारभरा कर गिर जाते हैं। इसे लैंड स्लाइड्स कहते हैं। रिसर्च एंड सिक्योरिटी इन हिमालियन माउंट के प्रधान अभियंता सरल नेगी कहते हैं कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में नियमों को ताक पर रख कर होटलों, सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। जबकि चाइना, तिब्बत, जापान में भी ऐसे ही इलाके हैं लेकिन उन्होंने सीमित निर्माण कार्य किया है। भारत में आबादी के दबाव और बढ़ते धनाढ्य लोगों के कारण पर्यटन पिछले दस सालों में 300 फीसदी तक बढ़ा है और अब निजी वाहनों से लोग सफर करते हैं जिसके चलते जाम की स्थिति उत्पन्न होती है और सरकार सड़कों को फोर लेन बना रही है। दूसरी दृष्टि से देखे तो रोजगार, व्यावसायिक विकास हुआ है परंतु ये विकास , विनाश भी लेकर आ रहा है। इसलिए सरकार को इन क्षेत्रों में नए स्टेशन बनाने की आवश्यकता है और यह सुरक्षित भी होना चाहिए।

## सु-दोकू 136

### सू- दोकू क्र. 136

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र135 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# बिना लाइसेंस विस्फोटक बेचने वालों पर हाईकोर्ट हुआ सख्त

**बिलासपुर,11 अगस्त।** विस्फोटक पदार्थ की बिक्री में गंभीरता बरतने और लाइसेंसधारकों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को लेकर हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने कहा कि यह वैधानिक दायित्व है कि आरोप तय करने के प्रारंभिक चरण में केवल परिकल्पना, कल्पना और दूरगामी कारणों के आधार पर हस्तक्षेप न किया जाए, जो कानून न अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमे में बाधा डालने के समान है। यह कानूनी दायित्व है कि आरोप तय करने के प्रारंभिक चरण में, मात्र अनुमान, कल्पना व क्लिष्ट कल्पित आधार पर हस्तक्षेप न किया जाए, कानून में यह अभियुक्तों के खिलाफ विचारण कार्यवाही को बाधित करने के समान है।



याचिकाकर्ता हुसैद हुसैन तैय्यब भाई बदरुद्दीन नामक फर्म का साझेदार है, जो विस्फोटक अधिनियम के तहत विस्फोटकों के कब्जे और बिक्री के लिए लाइसेंसधारी है। केजुराम देवांगन उक्त फर्म में कार्यरत है। लाइसेंस की शर्तों और विस्फोटक अधिनियम तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत, केजुराम उक्त फर्म में कार्यरत है। फर्म विस्फोटकों को उन व्यक्तियों को बेच सकती है जिनके पास विस्फोटक ले जाने, रखने और उपयोग करने का लाइसेंस है। इसमें कोई विवाद नहीं है कि दुर्ग पुलिस थाने के कोड्वा गांव के किशुमलाल भक्त के पास लाइसेंस संख्या 1927 वाला ऐसा ही लाइसेंस था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया था। जांच के दौरान, पुलिस ने फर्म के संबंधित रजिस्टर भी जब्त किए हैं, जिनमें दर्ज है कि किशुनलाल भक्त को 25 किलोग्राम विस्फोटक स्पेशल जिलेटिन और 25 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बेचे गए थे। किशुनलाल भक्त के रजिस्टर में उक्त विस्फोटक की खरीद के संबंध में बिल संख्या, वाउचर संख्या और पास संख्या के साथ संबंधित प्रविष्टियां हैं, जिन्हें पुलिस ने अनुलग्नक-बी के अनुसार जब्त कर लिया था।

अभियुक्त दीपक कुमार और रामखिलावन के गोदाम परिसर में छापा मारा और उनके कब्जे से विस्फोटक बरामद किया। पूछताछ करने पर, उक्त सह-अभियुक्तों ने बताया कि वे इसे हुसैद हुसैन की फर्म से लाए थे। यह आरोप लगाया गया कि उनके पास उक्त विस्फोटक रखने का लाइसेंस नहीं था। यह आरोप लगाया गया है कि वर्तमान आवेदक और उपरोक्त दोनों नामित व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 और विस्फोटक अधिनियम की धारा 9 के अंतर्गत दंडनीय अपराधों के दोषी हैं।मामले की सुनवाई करते हुए ट्रायल कोर्ट ने रिकॉर्ड, चार्जशीट पर उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 की धारा 5 और विस्फोटक अधिनियम की धारा 9 बी के तहत दंडनीय अपराध के लिए आवेदकों के खिलाफ आरोप तय कर दिया।ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए जुबेद हुसैन ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की। जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच में सुनवाई हुई।

## सण्ड्रापल्ली में 4.52 लाख का रनिंग वाटर का कार्य कागजों में पूर्ण, जांच की मांग

**बीजापुर,11 अगस्त।** स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक पंचायत को 15वें वित्त आयोग की पेयजल एवं स्वच्छता मद से राशि दी जाती है। इस राशि का उद्देश्य बोर खनन, पाइपलाइन बिछाने और जल आपूर्ति व्यवस्था जैसी सुविधाएं विकसित करना है। लेकिन ग्राम पंचायत सण्ड्रापल्ली में इस राशि के उपयोग को लेकर अब गंभीर गड़बड़ी के आरोप सामने आए हैं।गांव में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने खुलासा किया कि जुलाई से अक्टूबर 2024 के बीच पंचायत ने रनिंग वाटर कार्य के नाम पर 4,52,000 निकाला गया। सरकारी रिकार्ड में यह राशि बालक आश्रम में बोर खनन, रनिंग वाटर बालक आश्रम, रनिंग वाटर प्रथम किस्त, रनिंग वाटर द्वितीय किस्त और रनिंग वाटर सण्ड्रापल्ली के नाम पर खर्च दिखाया गया है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिलकुल अलग है। गांव में न तो बोर खनन हुआ और न ही शासकीय भवनों में रनिंग वाटर का कार्य हुआ है। यहां तक कि जिन स्थानों पर काम होना था, वहां आज तक कोई कार्य शुरू ही नहीं हुआ। बालक आश्रम के अधीक्षक ने भी साफ कहा कि पंचायत की ओर से आश्रम में रनिंग वाटर का कोई कार्य नहीं कराया गया है। यह बयान ग्रामीणों के आरोपों को और मजबूत करता है।बैठक में उपस्थित बुजुर्गों और युवाओं ने पंचायत के पूर्व सरपंच वासम मीना और वर्तमान सचिव सत्यावती मोरला पर लाखों रुपये गबन का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने बताया की वे जल्द ही सामूहिक रूप से जिला प्रशासन को जांच के लिए आवेदन सौंपेंगे और इस मुद्दे को मीडिया के माध्यम से भी उठाएंगे। जब भ्रष्टाचार के संबंध में जनपद के सीईओ सुरेश देवांगन से पूछा गया तो उन्होंने बताया की जांच टीम गठित कर जांच करवाया जाएगा। जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।गांव के लोगों का कहना है कि यह सीधा-सीधा भ्रष्टाचार का मामला है, जिसमें सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया गया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वे इस भ्रष्टाचार के लिए अंत तक लड़ेंगे ताकि दोषियों को सजा मिले और भविष्य में किसी अन्य पंचायत में जनता के पैसे की इस तरह बर्बादी न हो।

## एक नजर

### स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ का आयोजन 14 अगस्त को

**कांकेर 11 अगस्त।** प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 14 अगस्त को प्रातः 07 बजे से शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल मैदान में स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इस दौड़ में जिला मुख्यालय के सभी स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, मीडिया प्रतिनिधि के अलावा गणमान्य नागरिक और आम-जनता भी भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि दौड़ का आयोजन शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए ऊपर-नीचे रोड, भारतीय स्टेट बैंक, गिल्ली चौक, पुराना बस स्टैण्ड, शासकीय कोमलदेव जिला चिकित्सालय के पास जय स्तंभ चौक से पुनः वापस होकर शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल मैदान में समाप्त होगी। खेल अधिकारी ने बताया कि उक्त स्वतंत्रता दौड़ जिला मुख्यालय के विभिन्न विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट, स्काउट गाइड कैडेट, एनएसएस के छात्र-छात्राओं को शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल मैदान में सुबह 07 बजे के पूर्व उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए पंजीयन प्रारंभ

**कांकेर 11 अगस्त ।** जिले के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सत्र अगस्त 2025-26 एक वर्षीय पाठ्यक्रम एवं वर्ष 2025-27 द्वि वर्षीय व्यवसायों में प्रवेश के लिए संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट cgiti.admissions.nic.in के ऑनलाईन एप्लिकेशन 2025 पर क्लिक कर अपना पंजीयन एवं प्रवेश के लिए व्यवसाय का चयन कर सकते हैं। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कांकेर के प्राचार्य ने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तिथि 12 अगस्त से 16 अगस्त 2025 तक निर्धारित की गई है। आवेदकों के पंजीयन के लिये वेबसाइट पर यूजर मैन्युअल दिया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह कांकेर में सांसद नाग करेंगे ध्वजारोहण

**कांकेर 11 अगस्त ।** राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस समारोह कांकेर में लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री भोजराज नाग द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण पश्चात उनके द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा।

### फसल बीमा पर डेढ़ लाख किसानों को दस करोड़ का दावा भुगतान

**रायपुर, 11 अगस्त ।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के एक लाख 41 हजार 879 पात्र बीमित किसानों को कुल 152 करोड़ 84 लाख 62 हजार रुपये का दावा राशि का भुगतान राष्ट्रव्यापी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से किया जाएगा। जिसमें खरीफसीजन 2024 के 33 हजार 943 पात्र किसानों को 10 करोड़ 25 लाख 97 हजार रुपये तथा रबी सीजन 2024-25 के एक लाख 7 हजार 936 पात्र किसानों को 142 करोड़ 58 लाख 65 हजार रुपये का दावा भुगतान शामिल है।

## धान बिक्री और योजनाओं के लाभ के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल में किसान पंजीयन अनिवार्य

**रायपुर,11 अगस्त ।** राज्य शासन द्वारा किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से दिलाने के लिए एकीकृत किसान पोर्टल को अब एग्रीस्टैक पोर्टल से जोड़ा गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए सभी किसानों को इस पोर्टल पर पंजीयन कराना जरूरी होगा। जिन किसानों ने पहले धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था, उन्हें भी संशोधन या कैरी फारवर्ड से पहले एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। बिना एग्रीस्टैक पंजीयन के कोई भी किसान धान विक्रय के लिए पात्र नहीं होगा। यह पंजीयन किसान नजदीकी लेम्प्स (सहकारी समिति) या ग्राहक सेवा केंद्र में निःशुल्क करवा सकते हैं।

एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकृत किसानों को कृषक उन्नति योजना का भी लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत पिछले खरीफमें पंजीकृत किसानों को, जिन्होंने धान की जगह अन्य खरीफ फसलें लगाई थीं और उनकी गिरदावरी में पुष्टि हुई है, उन्हें प्रति एकड़ 11,000 रुपये की दर से आदान सहायता राशि दी जाएगी। वहीं, यदि किसान दलहन, तिलहन, मक्का, लघु धान्य (जैसे कोदो, कुटकी, रागी) या कपास की खेती करते हैं, तो उन्हें प्रति एकड़ 10,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी, बशर्ते कि पंजीयन और गिरदावरी दोनों सही हो। किसानों से अपील की गई है कि वे शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जल्द से जल्द एग्रीस्टैक पोर्टल में अपना पंजीयन करवाएं। यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है और किसानों की सुविधा के लिए नजदीकी केंद्रों पर उपलब्ध है।

गौरतलब है कि कि एग्रीस्टैक एक डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसे भारत सरकार ने कृषि क्षेत्र के लिए विकसित किया है। इसका उद्देश्य किसानों की समस्त जानकारी जैसे पहचान, भूमि रिकॉर्ड, आय, कर्ज, फसल की जानकारी, और बीमा इतिहास आदि को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इकट्ठा करना है। हर किसान को एक विशिष्ट डिजिटल पहचान यानी किसान आईडी मिलेगी>

### सिंचाई के लिए पानी छोड़ने पूर्व विधायक ने कलेक्टर से की चर्चा

**धमतरी, 11 अगस्त ।** क्षेत्र के किसानों के खेतों में पानी की कमी और फसलों के सूखने की स्थिति को देखते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने जिला कलेक्टर से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सिंचाई के लिए तत्काल नहरों में पानी छोड़ने की मांग की। श्रीमती साहू ने बताया कि लगातार बारिश न होने के कारण खेतों में नमी समाप्त हो गई है और किसान चिंतित हैं कि यदि जल्द ही पानी नहीं मिला, तो फसलें पूरी तरह नष्ट हो सकती हैं। उन्होंने कलेक्टर से संबंधित विभागों को निर्देशित कर सिंचाई हेतु पानी दिया जाए।

## लोकनिर्माण, सिंचाई, पीएचई में भ्रष्टाचार की शिकायतें

**रायपुर, 11 अगस्त ।** प्रदेश में इन दिनों लोक निर्माण सिंचाई तथा लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी सहित विभिन्न विभागों में चालू प्रभार का खेल चल रहा है जिसके चलते भ्रष्टाचार और बढ़ता जा रहा है। वहीं पुलिस महकमें में पूर्णकालीन डीजीपी नहीं है तो मेडिकल कालेज डीन एवं विशेष विशेषज्ञ नहीं होने से कार्य प्रभावित हो रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता विजय कुमार उइके को चालू प्रभार दिया गया है इतना ही नहीं उन्हें वित्तीय अधिकार दे दिया गया है। जल संसाधन विभाग इस समय चर्चा में है। इस समय करोड़ों रुपये की लागत से कई योजनाएं संचालित हो रही है। मंत्रियों को आम के आम गुथली के दाम कहावत चरितार्थ हो रही है। सभी भार साधक मंत्री अपने अपने पसंद का काम करवा लेते हैं। वहीं अधिकारियों को भी लेनदेन में सुविधा हो रही है। मन पसंद पोस्टिंग पाने के लिए वे जुगाड़ जमा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग में भी यही हाल है भतपहरी जो की अवकाश ग्रहण कर चुके हैं उन्हें विभाग के प्रमुख पर चालू प्रभार दे दिया गया है। यहां पर भी करोड़ों रुपये का बजट है जिसमें काफी लेनदेन होने की संभावना है इन विभागों में स्थायी कर्मचारी लाना चाहिए। मंत्री से लेकर ओएलडी अपना मनपसंद काम करवा लेते हैं।

प्रदेश में 13 मेडिकल कालेज है जिनमें से आठ शासकीय है यहां पर भी प्रभारी डीन नियुक्त किये गये हैं। प्रभारियों एवं विषय विशेषज्ञों का टोटा है। प्रदेश में कुल 12 सौ विशेषज्ञ चाहिए लेकिन ढाई सौ स्थायी पद पर कार्यरत है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में भी अब नये प्रमुख अभियंता को लेकर चर्चा चल रही है। यहां पर वर्तमान अभियंता को चालू प्रभार देने का प्रयास चल रहा है। यह विभाग लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी अरूण साव के पास में है।

स्कूल शिक्षा विभाग में कई वर्षों से पदोन्नति नहीं हुई है। 33 सौ स्कूल प्रभारी प्रचार्य के भरोसे चल रहे है वहीं 33 जिलों में 31 जिला शिक्षा अधिकारी प्रभार पर है। जब चाहा इसे बना दिया जब चाहा उसे हटा दिया गया। व्याख्याताओं की भी यही स्थिति है। ज्ञात रहे राज्य में इस समय चालू प्रभार होने से यहां भ्रष्टा चार बढ़ रहा है वहीं स्थायी अधिकारियों पदस्थ नहीं किया जा रहा है पुलिस महकमें भी पूर्णकालीन डीजीपी नहीं बनाया गया है। यहां पर अरूणदेव गौतम काम कर रहे हैं। लेकिन उन्हें स्थायी रूप से नियुक्त नहीं करने के कारण वे कामकाज में रूचि नहीं ले रहे हैं। जिसके कारण पीचएचक्यु का कामकाज प्रभावित हो रही है।

## ट्रेनों की पेंट्री कार से घटिया खाने की आपूर्ति, विरोध करने पर यात्री हो रहे बदसलूकी का शिकार

**रायपुर, 11 अगस्त ।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन से अनेकों लंबी दूरी की गाड़ियां विभिन्न स्टेशनों के लिए आती जाती है। यात्रियों के साथ एससीआरसीटी द्वारा पेंट्रीकार से इन दिनों दिया जा रहा भोजन बेहद घटिया क्वालिटी का है। यात्रियों के अनुसार क्षेत्र से गुजरने वाली प्रमुख एक्सप्रेस सुपरफास्ट ट्रेनों में यथा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस उत्कल एक्सप्रेस हावड़ा मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस, हावड़ा पूना दुरंतो एक्सप्रेस हटिया पूणे एक्सप्रेस एवं राजधानी एक्सप्रेस बिलासपुर से दिल्ली के बीच पेंट्री कार से घटिया खाने की आपूर्ति होने पर इस संबंध में बिलासपुर निवासी अशोक चौहान द्वारा जोन महाप्रबंधक कार्यालय में शिकायत करने पर एक माह बाद भी उन्हें कोई समुचित उत्तर नहीं मिला है। चौहान सहित अनेक यात्रियों ने जुलाई माह में 15 से 20 जुलाई के मध्य की जा रही यात्रियों के दौरान ट्रेन मैनेजर से शिकायत की थी इसके बाद पेंट्री कार की कर्मियों में जिन यात्रियों की शिकायत थी उनके पास पहुंचकर गाली गलौज की। वहीं कुछ बड़े स्टेशनों में हाल ही में स्टेशन में खाना नास्ता की आपूर्ति कर रहे वेन्डरों के साथ भी एसी कोच एवं स्लीपर कोच में मारपीट की जानकारी प्राप्त हुई है। शैलेंद्र नगर निवासी रोली शुक्ला मुंबई से राखी के समय आठ अगस्त को रायपुर के लिएरवाना हुई। एसी कोच सेकंड में 17 नंबर पर उन्हें बर्थ एलाट हुई थी। उनका अनुभव भी रेलवे के भोजन के प्रति कड़ुवा रहा। दैनिक रेल यात्री संघ के सचिव राजीव अग्रवाल ने मंडल रेल प्रबंधक रायपुर एवं जोन महाप्रबंधक बिलासपुर से यात्री गाड़ियों पेंट्री कार से अच्छे भोजन की आपूर्ति की मांग की है। अभी मिल रहे भोजन की कीमत 120 से 150 रुपये हैं।

## वर्षा नहीं होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

**रायपुर, 11 अगस्त ।** मानसून के स्थिर हो जाने के कारण इस समय रायपुर संभाग के अलावा जिले में रोपाई तथा निंदाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। इस समय किसान वर्षा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

कृषि विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार आरंग, अभनपुर धरसीवा तथा बलौदाबाजार एवं भाटापारा जिले में इस समय वर्षा के साथ ही किसी का कार्य तेजी से शुरू हुआ बोवाई के पश्चात अब निंदाई का काम कई जगहों पर हो गया है। लेकिन रोपाई एवं निंदाई का काम नहीं हो पा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार सावन के पश्चात भादों लग जाएगा इसके बाद ही वर्षा होने की संभावना है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार रायपुर में कुल 65 हजार हेक्टेयर में कृषि कार्य होता है। लेकिन अब यहां पर पानी की सख्त आवश्यकता है। पानी नहीं गिरने के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे दिखाई देने लगी है। जहां एक ओर खाद की कमी है खाद की कमी होने के कारण किसान क्षेत्र का चक्कर काट रहे है वहीं निजी क्षेत्रों में खाद के लिए किसान इधर से उधर भटक रहे हैं। इस समय कोई प्रभावशाली सिस्टम नहीं है सिंचित क्षेत्र में धान की अच्छी पैदावार संभव है। इस धमतरी और गरियाबंद प्रमुख है। सिंचित क्षेत्रों के किसान इस समय निंदाई का काम कर रहे हैं।

## भारत का हर नागरिक राष्ट्र की गरिमा के लिए तिरंगा अभियान से जुड़े : रंजना साहू

**धमतरी , 11 अगस्त ।** हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता उत्सव की थीम पर प्रत्येक गांव व वार्डो में चलाने के लिए आमदी मण्डल द्वारा नगर पंचायत आमदी में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई। सर्वप्रथम भारतीय जनता पार्टी के पुरोधाओं कि छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण किया गया। श्रीमती रंजना साहू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक प्रतीकात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशभक्ति, एकता और जन-जागरूकता का उत्सव है। हमारे तिरंगे की शान हर घर में फहराकर हम न केवल राष्ट्रप्रेम का भाव प्रकट करते हैं, बल्कि स्वच्छता जैसे अहम विषय को भी जन-आंदोलन बनाते हैं। इस वर्ष पार्टी ने हमें यह दायित्व सौंपा है कि हम हर गांव, हर गली, हर मोहल्ले तक इस संदेश को पहुंचाएं कि भारत का हर नागरिक राष्ट्र की गरिमा और स्वच्छता के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी निभाए। हमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ÷स्वच्छ भारत÷ और ÷हर घर तिरंगा÷ जैसे अभियानों को नई ऊंचाई तक पहुँचाना है। आप सभी को इस कार्य में पूरी निष्ठा, समर्पण और ऊर्जा के साथ जुटने का आव्हान पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने समस्त उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारीयो, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से किए। आमदी मण्डल अध्यक्ष विनय जैन ने कहा कि इस अभियान को सिर्फएक कार्यक्रम न मानें, बल्कि इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। हर घर में तिरंगा फहराना है, हर गली को स्वच्छ बनाना है, हर दिल में देशभक्ति जगानी है। हर घर तिरंगा मोर तिरंगा मोर अभिमान के तहत कार्यक्रम नगर पंचायत आमदी में कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष श्रीमती ज्योति मुरलीधर साहू, पूर्व अध्यक्ष नीलकंठ साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत माला, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष तेजराम साहू, कोमल यादव महामंत्री, अग्रवाल साहू सभापति जनपद सदस्य, ज्ञानेश्वर साहू साहू समाज अध्यक्ष, अश्रु साहू, उमानंद कुंभकार संख्या भारतीय जनता पार्टी आमदी मण्डल के कार्यकतागण उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### शहीद जवानों की स्मृति में एक पेड़ शहीद के नाम अभियान




**बीजापुर,11 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बीजापुर जिले में शहीद जवानों की स्मृति को नमन करते हुए वृहद वृक्षारोपण महोत्सव 'पोदला उरस्कना' का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। जिला मुख्यालय स्थित नवीन पुलिस लाइन बीजापुर के साथ-साथ सभी अनुविभागीय मुख्यालयों, थाना क्षेत्रों और सुरक्षा बलों के कैम्पों में ÷एक पेड़ शहीद के नाम÷ अभियान के तहत फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। यह पहल न केवल शहीदों के बलिदान को अमर रखना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सार्थक कदम बढ़ाना है।मुख्य कार्यक्रम नवीन पुलिस लाइन में आयोजित हुआ, जहां पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। अभियान के तहत जिले के प्रत्येक थाना, चौकी और कैम्प परिसर में शहीद जवानों के नाम पर पौधे लगाए गए। इन पौधों पर शहीदों के नाम के पट्ट भी लगाए गए, जिससे आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान को याद रख सकें। अधिकारियों ने कहा कि यह पौधे केवल हरियाली नहीं बढ़ाएंगे, बल्कि यह शहीदों के त्याग और बलिदान का जीवंत प्रतीक बनेंगे।कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया और सभी को पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी निभाने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर यह संकल्प लिया गया कि प्रत्येक वर्ष इस तरह के आयोजन से शहीदों की स्मृति को जीवित रखा जाएगा और हरियाली बढ़ाने की मुहिम को आगे बढ़ाया जाएगा।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) रविन्द्र कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रकांत गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक घनश्याम कामड़े, उप पुलिस अधीक्षक (डीआरजी) विनीत साहू, उप पुलिस अधीक्षक शरद कुमार जायसवाल, उप पुलिस अधीक्षक (बस्तर फाइटर) चन्द्रहास, उप पुलिस अधीक्षक विशाल गर्ग, रक्षित निरीक्षक बीजापुर सहित बड़ी संख्या में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खदान मजदूर संघ पदाधिकारियों की उप मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट



**किरन्दुल, 11 अगस्त।** किरंदुल औधोगिक नगर सें विश्व की सबसे बड़ी ट्रेड यूनियन भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल एवं बचेली के पदाधिकारी एवं सदस्य, छत्तीसगढ़ के यशस्वी उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के दंतेवाड़ा आगमन पर स्थानीय सर्किट हाउस में आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर संगठनात्मक मुद्दों पर सौजन्य भेंट एवं परिचर्चा आयोजित की गई।बैठक में खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, सचिव महेंद्र कुमार, राजेंद्र यादव, दानेश्वर जोशी तथा बचेली शाखा के अमित मिश्रा और अमित देवांगन ने श्रम संघ के विस्तारीकरण, सशक्तिकरण एवं श्रमिक कल्याण पर सकारात्मक विचार-विमर्श किया।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राष्ट्रहित, उद्योगहित एवं श्रमिक हित को संघ के मूल उद्देश्य के रूप में सराहा और कहा कि श्रमिक वर्ग के हित में हर संभव सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

### नशे में धुत युवक ने भगवान की मूर्तियों के साथ की अभद्रता

**कांकेर, 11 अगस्त।** कांकेर में भगवान श्रीराम और हनुमान जी मूर्तियों के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है. जिसका वीडियो



सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. वीडियो 3 युवक मूर्तियों के साथ अभद्रता व्यवहार करते नजर आ रहे है.कांकेर में भगवान श्रीराम और हनुमान जी मूर्तियों के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. वीडियो 3 युवक मूर्तियों के साथ अभद्रता व्यवहार करते नजर आ रहे है. वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. बता दें कि ये वीडियो नवागांव स्थित इशानवन राम वाटिका का बताया जा रहा है. वहीं जैसे ही ये मामला सामने आया कांकेर व फरसगांव पुलिस की संयुक्त टीम सुबह से आरोपियों की पतासाजी में जुटी थी. इसके बाद पुलिस ने 5 आरोपियों कर लिया. सभी को फरसगांव थाना लाया गया है. बता दें कि कोंडागांव ,स्क्के.डी. पटेल ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

## बस्तर दशहरा रथ परिक्रमा मार्ग में भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने के कार्य हुआ शुरू


**जगदलपुर,11 अगस्त।** शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाऊन हॉल में बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने के कार्य की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने किया विधिवत भूमिपूजन । टाऊन हॉल में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में संबोधित करते हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा कि बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा में रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने के संबंध में विशेष आग्रह पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने विश्व प्रसिद्ध दशहरा में रथ परिक्रमा में भूमिगत विधुत तार बिछाने की स्वीकृति प्रदान की थी । जिसका आज 07 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से सिरहासार चौक से लालबाग आमागुड़ा चौक तक भूमिगत विद्युत केबल बिछाने का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया । श्री किरण देव ने कहा विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व पर रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत तार बिछाने का आग्रह पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को देकर भूमिगत विद्युत तार बिछाने की मांग पर स्वीकृति दी थी। मांग को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय



ने दशहरा पर्व के दौरान रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने की स्वीकृति प्रदान की थी । भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने का कार्य प्रारंभ होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया है । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने बस्तर वासियों की बरसों पुरानी मांग विश्व प्रसिद्ध दशहरा में भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने की मांग पूरी हो रही है। बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर रथ परिचालन के दौरान परिक्रमा मार्ग दंतेश्वरी मंदिर से सिरहासार चौक, गोल बाजार चौक, टेकरी वाले हनुमान मंदिर मार्ग, बाहर रैनी ,भीतर रैनी रथ परिचालन स्टेट बैंक चौक से सिटी कोतवाली लालबाग से कुम्हड़ाकोट क्षेत्र तक बस्तर दशहरा का रथ का परिक्रमा होता है रथ परिक्रमा के दौरान इन मार्गो पर विद्युत सेवा बाधित होती है जिसके लिए भूमिगत विद्युत तार बिछाने की अत्यधिक आवश्यकता थी । जिसका आज कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा बस्तरवासियों की बरसों पुरानी मांग को हमारी सरकार ने पूरा किया है । बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा में रथ परिक्रमा मार्ग में भूमिगत विद्युत तार बिछाने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है । श्री देव ने सीएसपीडीसीएल विभाग को तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने की बात कही इस बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने से बस्तरवासियों के लिए काफी हर्ष का है । अब लोगों को रथ परिक्रमा के दौरान अंधेरे में रहकर देखने की आवश्यकता नहीं होगी। अब रथ परिचालन के दौरान विधुत सप्लाई चालू रहेगी । रथ परिचालन को अब हम बस्तर वासी बिना विद्युत वाधित के रथ परिचालन का आनंद ले सकेंगे । क्षेत्र के विकास में समझौता नहीं किया जायेगा। जनता के अपेक्षा के अनुरूप विकास कार्य होंगे। वहीं महापौर श्री संजय पांडे ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हो रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव के नेतृत्व में जगदलपुर शहर में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। यशस्वी विधायक किरण देव के मांग पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने बस्तर की बहुप्रतीक्षित मांग बस्तर दशहरा पर्व के दौरान भूमिगत विद्युत केबल बिछाने कार्य का स्वीकृति प्रदान किया। जिसका आज विधिवत भूमिपूजन किया गया। जगदलपुर शहर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव के नेतृत्व शहर में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मूलभूत सुविधा देने में हमारी सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से कार्य कर रही है। इस दौरान एम आई सी सदस्य निर्मल पानीग्राही, संग्राम सिंह राणा,लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंघारी, कलावती कसेर, पार्षद पितामह नायक ,मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा,श्री राजेश श्रीवास्तव,टीपी मेश्राम चीफ इंजीनियर सीएसपीडीसीएल,श्री पोयाम, श्री ध्रुव कार्यपालन यंत्री,श्री सुदीप खेस एवं विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

एक नजर

## शुभमन गिल को मिल सकता है एक और इनाम



**नई दिल्ली, 11 अगस्त।** शुभमन गिल हाल ही में टेस्ट टीम इंडिया के नए कप्तान बने हैं। उन्होंने रोहित शर्मा की जगह ली है। अपनी कप्तानी में गिल पहली सीरीज ड्रॉ कराने में कामयाब रहे। वैसे तो ये सीरीज बराबरी पर समाप्त हुई है, लेकिन ये सभी जानते हैं कि इंग्लैंड में जाकर टेस्ट सीरीज बरा?बर कराना ही बड़ा काम है। भारतीय टीम के कितने ही कप्तान ऐसे हुए, जो सीरीज हारकर वापस लौटे हैं। इस बीच अब शुभमन गिल को इसका इनाम दिया जा सकता है। काफी हद तक संभावना है कि एशिया कप से पहले ही इसका ऐलान कर दिया जाए।

दरअसल इंग्लैंड सीरीज के बाद अब टीम इंडिया इस पूरे महीने आराम करेगी और इसके बाद आएगा एशिया कप। एशिया कप का आगाज 9 सितंबर से होगा। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 10 सितंबर को हैं, लेकिन दुनिया की नजरें 14 सितंबर के मुकाबले पर होंगी, जब भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने सामने होंगी। एशिया कप भले ही अगले महीने होना है, लेकिन इसके लिए टीम का ऐलान इसी महीने के आखिर तक हो जाएगा। अब बीसीसीआई की सेलेक्शन कमेटी इस माथापच्ची में लगी है कि एशिया कप के लिए टीम क्या होनी चाहिए। खबर तो ये है कि शुभमन गिल की एक बार फिर से टी20 इंटरनेशनल के लिए टीम इंडिया में वापसी हो सकती है।

### विमेंस वर्ल्ड कप ट्रॉफी लॉन्च, 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में टूर्नामेंट

# टीम वर्ल्ड कप सूखा खत्म करने को तैयार : हरमनप्रीत

**मुंबई, 11 अगस्त।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि उनकी टीम अगले महीने से शुरू हो रही विमेंस वर्ल्ड कप में ICC ट्रॉफी का सूखा खत्म करना चाहती है और पूरा भारत हमारे वर्ल्ड कप जीतने का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से हमें अपनी तैयारियों का अंदाजा लग जाएगा कि हम कहां खड़े हैं।

हरमनप्रीत ने ये बातें सोमवार को 30 सितंबर से भारत में होने जा रहे विमेंस वनडे वर्ल्ड कप की ट्रॉफी लॉन्चिंग सेरेमनी में कहीं। इस मौके पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह, ढ्ढष्ट के चेयरमैन जय शाह और BCCI सेक्रेटरी देवजीत सैकिया भी मौजूद रहे।

भारतीय महिला टीम ने कभी-भी वर्ल्ड कप नहीं जीत सकी है। टीम ने 2017 में फाइनल तक का सफर किया था, लेकिन इंग्लैंड से हारकर टीम रनरअप रही थी।

हरमनप्रीत ने कहा- हम उस बैरियर को तोड़ना चाहते हैं, जिसका सभी भारतीय इंतजार कर रहे हैं। वर्ल्ड कप हमेशा खास होते हैं, मैं हमेशा अपने देश के लिए कुछ खास करना चाहती हूं। जब भी मैं युवी भैया (युवराज सिंह) को देखती हूं, तो मुझे बहुत प्रेरणा मिलती है।




भारतीय महिला टीम वर्ल्ड कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ3 वनडे की होम सीरीज खेलेगी। इस पर हरमन ने कहा- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। इससे हमें अपनी स्थिति का पता चलता है। यह सीरीज हमें काफी कॉन्फिडेंस देगी। हम अपने ट्रेनिंग कैंप में काफी मेहनत कर रहे हैं और इसके रिजल्ट भी मिल रहे हैं। वह पारी मेरे और पूरी महिला क्रिकेट के लिए वाकई बहुत खास थी। उस पारी के बाद मेरे लिए बहुत कुछ बदल गया। जब हम भारत वापस आए, तो भले ही हम हार गए थे, लेकिन बहुत सारे लोग हमारा इंतजार कर रहे थे और हमारा उत्साह बढ़ा रहे थे। आज भी मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

**14 सितंबर से शुरू होगा ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा**

विमेंस वर्ल्ड कप शुरू होने से ठीक पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत का दौरा करेगा। 14 सितंबर से शुरू हो रहे इस दौरे में 3 वनडे मैच खेले जाएंगे।

**वर्ल्ड कप में भारत का पहला मैच**

विमेंस वर्ल्ड कप में भारत का पहला मैच 30 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु में खेला जाना तय हुआ है, लेकिन यह मैच शिफ्ट हो सकता है। जानकारी के अनुसार, कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को इस मैच के आयोजन के लिए अभी तक कर्नाटक सरकार से मंजूरी नहीं मिली है।

## एशिया कप के लिए हार्दिक का होगा फिटनेस टेस्ट

### 9 सितंबर से खेला जाएगा टूर्नामेंट

**नई दिल्ली, 11 अगस्त।** भारत के एशिया कप 2025 टीम के सिलेक्शन से पहले हार्दिक पांड्या 11 और 12 अगस्त को बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रूटीन फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जिसके आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। पंड्या ने आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ (वनडे) खेला था। वहीं, सूर्या का अभी पूरी तरह फिट होना बाकी है। वे फीजियो और मेडिकल टीम की मौजूदगी में अभी एक हफ्ते और रुकेंगे, ताकि समय पर पूरी तरह फिट हो सकें। उन्होंने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी। एशिया कप के लिए अभी भारतीय टीम का ऐलान नहीं हुआ है। उससे पहले खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट किया जा रहा है। पिछले महीने श्रेयस अय्यर का किया गया था।

सूर्या ने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी। 34 साल के सूर्या ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा था, 'लाइफ अपडेट, पेट के निचले दाएं ओर स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल ऑपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं।' सूर्या ने आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ (टी-20) खेला था।



**9 सितंबर से शुरू होगा एशिया कप**

एशिया कप 2025 UAE में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होकर 28 सितंबर तक चलेगा। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी। भारत, पाकिस्तान, ओमान और UAE को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को UAE, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा।

**भारत ने 8 बार जीता एशिया कप**

एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

## कोहली-रोहित के वनडे फ्यूचर पर कोई जल्दबाजी नहीं: बीसीसीआई

**नई दिल्ली, 11 अगस्त।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) विराट कोहली और रोहित शर्मा के वनडे करियर को लेकर जल्दबाजी में नहीं है और न ही इस बारे में जल्द कोई फैसला लेने वाला है।

भारत की अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफहोने वाली वनडे सीरीज रद्द हो चुकी है। ऐसे में भारत 19 से 25 अक्टूबर तक होने वाली ऑस्ट्रेलिया सीरीज में अपने अगले वनडे मैच खेलेगा।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि BCCI सिडनी (25 अक्टूबर) में दोनों दिग्गजों को फेयरवेल मैच दे सकता है, लेकिन बोर्ड के सूत्रों ने इसे खारिज किया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक एक सूत्र ने उनसे कहा, अगर रोहित और कोहली के मन में कुछ है तो वो BCCI को बताएंगे, जैसा उन्होंने इंग्लैंड टेस्ट टूर से पहले किया था। फिलहाल फोकस फरवरी में होने वाले T20 वर्ल्ड कप और उससे पहले



की तैयारियों पर है। अगला बड़ा लक्ष्य एशिया कप T20 में सर्वश्रेष्ठ टीम उतारना है। आखिरी बार वनडे में विराट और रोहित चैंपियंस ट्रॉफी दुबई में साथ खेले थे, जहां कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक जड़ा और रोहित ने फाइनल में अर्धशतक बनाया था। IPL के बाद से दोनों ने कोई भी मैच नहीं खेला है। कोहली ने हाल ही में लंदन में इनडोर नेट सेशन की फोटो साझा की थी, जहां वे IPL टीम गुजरात टाइटंस के असिस्टेंट कोच नईम अमीन के साथ दिखे थे। वहीं रोहित अभी इंग्लैंड टूर पर थे, वहां वे द ओवल में भारत-इंग्लैंड का मैच देखने गए थे। रोहित मुंबई लौटकर ट्रेनिंग शुरू करने की तैयारी में हैं।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का ऑस्ट्रेलिया दौरा आखिरी हो सकता है। लेकिन बोर्ड के सूत्रों ने ऐसी कोई भी बात से मना कर दिया। सूत्र ने आगे बताया कि ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका सीरीज के बीच इंडिया७ और साउथ अफ्रीका-A के तीन लिस्ट७ मैच (13, 16, 19 नवंबर, राजकोट) होंगे, जिनमें दोनों के खेलने पर भी चर्चा हो सकती है।

दिसंबर में शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी और जनवरी 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफतीन वनडे मैच में कोहली-रोहित खेलते दिखेंगे।

## वेस्टइंडीज ने दूसरे वनडे में पाकिस्तान को हराया

**त्रिनिदाद, 11 अगस्त।** वेस्टइंडीज ने दूसरे वनडे में पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर पर पहुंच गई है। रविवार को त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए बारिश से बाधित इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बारिश के बाद मैच 37-37 ओवर का कर दिया गया। पाकिस्तान ने 37 ओवर में 7 विकेट खोकर 171 रन बनाए। वेस्टइंडीज को DLS नियम के तहत 35 ओवर में 181 रनों का टारगेट मिला। टीम ने 33.2 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। रोस्टन चेज ने नाबाद 49 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। चेज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अब सीरीज का तीसरा




### सीरीज 1-1 की बराबरी पर

और आखिरी मुकाबला 12 अगस्त को इसी मैदान पर खेला जाएगा।

पाकिस्तान की ओर से पहले विकेट के लिए सईम आयूब और अब्दुल्लाह शफीक ने 51 गेंद पर 37 रनों की साझेदारी की। टीम का पहला विकेट सईम के रूप में गिरा। सईम 31 गेंद पर 23 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बाबर आजम बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।

पाकिस्तान के लिए हसन नवाज ने सबसे ज्यादा 36* रन बनाए। हुसैन तलत ने 32 गेंद पर 31 रनों की तेज पारी खेली। वेस्टइंडीज के लिए जायडन सील्स ने 7 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट लिए। शमार जोसेफ, गुडाकेश मोती, रोस्टन चेज, जस्टिन ग्रीव्स और जेडियाह ब्लेड्स को 1-1 विकेट मिला।

वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और चौथे ओवर तक दोनों सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (1) और इविन लुईस (7) पवेलियन लौट गए। 7 ओवर के बैटिंग पावरप्ले में टीम ने सिर्फ 22 रन बनाए थे। हालांकि इसके बाद टीम के कप्तान शाई होप ने 35 गेंद पर 32 और शेरफेन रदरफोर्ड ने 33 गेंद पर 45 रन बनाए। रोस्टन चेज ने 47 गेंदों पर नाबाद 49 रनों की पारी खेली। उन्होंने जस्टीन ग्रीव्स के साथ मिलकर टीम को टारगेट तक पहुंचा दिया। ग्रीव्स और चेज में 72 गेंद पर 77 रनों की नाबाद साझेदारी हुई।

## व्यापार

### आरबीआई का सख्त आदेश

## बैंकों को 15 दिनों में निपटाना होगा मृत ग्राहकों के क्लेम वरना लगेगा जुर्माना

**नई दिल्ली, 11 अगस्त।** भारतीय रिजर्व बैंक ने मृत ग्राहकों के बैंक खातों और लॉकर से संबंधित दावों का निपटान 15 दिन के भीतर करने की विशेष पहल की है। केंद्रीय बैंक ऐसे मामलों का तय समयसीमा के भीतर निपटारा करने और किसी भी देरी के लिए नामांकित व्यक्तियों को मुआवजा देने के लिए फॉर्म को मानकीकृत करने की योजना बना रहा है। आरबीआई ने मृत बैंक ग्राहकों के बैंक खातों और सुरक्षित जमा लॉकर में रखी वस्तुओं से संबंधित दावों के निपटान के लिए मानक प्रक्रियाएं लाने का प्रस्ताव किया है। इसका मकसद निपटान को और अधिक सुविधाजनक और सरल बनाना है। इस दिशा में, केंद्रीय बैंक ने परिपत्र का मसौदा भारतीय रिजर्व बैंक (बैंकों के मृत ग्राहकों के संबंध में दावों का निपटान) निर्देश, 2025% जारी किया है और 27 अगस्त तक इस पर टिप्पणियां मांगी हैं। मसौदे में



कहा गया, ''बैंक दावों और अन्य दस्तावेजों को प्राप्त करने के लिए मानकीकृत प्रपत्रों का उपयोग करेगा।'' इसमें दावों के निपटान में देरी होने पर मुआवजे का भी प्रावधान है। मसौदे में कहा गया है कि यदि जमा खातों या लॉकर के लिए किसी व्यक्ति को नामित किया गया है, तो उसे पहचान और पते के सत्यापन के लिए दावा प्रपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र (मृत ग्राहक) और नामित (नामिनी) का आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज जमा करना होगा। मसौदे के अनुसार, बैंक को उन जमा खातों में दावों के निपटान के लिए एक सरल प्रक्रिया अपनानी चाहिए, जहां मृतक जमाकर्ता ने कोई नामांकन नहीं किया है, ताकि दावेदार या कानूनी उत्तराधिकारी को असुविधा से बचाया जा सके। ऐसे दावों के निपटान के लिए बैंक को अपनी जोखिम प्रबंधन प्रणालियों के आधार पर न्यूनतम 15 लाख रुपये की सीमा तय करनी चाहिए। वर्तमान में, मृतक के 'नॉमिनी' व्यक्ति द्वारा खाते और लॉकर से संबंधित दावों के संबंध में सभी बैंकों की अपनी प्रणाली और प्रक्रियाएं हैं।

इसी प्रकार, बिना 'नॉमिनी' वाले खातों के लिए बैंकों की प्रक्रियाओं में कुछ भिन्नता हो सकती है। इस कदम से प्रक्रिया मानकीकृत और सरल होगी। मौजूदा निर्देशों के अनुसार, बैंकों को 'नॉमिनी' व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारियों के किए गए दावों के शीघ्र और परेशानी मुक्त निपटान की सुविधा के लिए एक सरलीकृत प्रक्रिया अपनाने की आवश्यकता है।

## ट्रंप को जवाब देने की तैयारी में भारत

### अमेरिकी सामान पर लगाया जा सकता है 50 प्रतिशत तक टैरिफ



**नई दिल्ली, 11 अगस्त।** ब्रिटेन के एक प्रमुख समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर टैरिफ लगाना अनुचित और अव्यवहारिक है। वहीं अब भारत भी ट्रंप को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी कर रहा है। जानकारी में सामने आया है कि सरकार चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर उतने ही अनुपात में टैरिफ लगाने पर विचार कर रही है, जितना नुकसान भारतीय निर्यातकों को हुआ है। अगर यह कदम उठाया गया, तो यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी पर भारत का पहला औपचारिक जवाब होगा। भारत सरकार अमेरिकी सामान पर 50त्न तक टैरिफ लगा सकती है। सूत्रों के अनुसार, जवाबी टैरिफ अमेरिकी वस्तुओं के एक सीमित सेट पर लगाया जाएगा। इन वस्तुओं का चयन इस तरह किया जाएगा कि टैरिफ से होने वाला राजस्व, अमेरिका के कदम से भारतीय निर्यातकों को हुए नुकसान के बराबर हो। अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका एक ओर द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बात कर रहा है, लेकिन दूसरी ओर भारतीय आर्थिक हितों के खिलाफ एकतरफा कदम उठा रहा है, जिसका जवाब देना भारत का अधिकार है। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पिछले दिनों भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया था।

## यूनियन बैंक की रिपोर्ट : टैरिफ की अनिश्चितताओं के बीच फेड को दर कटौती के बारे में रहना होगा सतर्क

**नई दिल्ली, 11 अगस्त।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कि एक रिपोर्ट के अनुसार टैरिफचिंताओं के बीच फेड रिजर्व को ब्याज दरों में कटौती के दौरान सावधानी बरतनी होगी। बाजार 2025 के दौरान फेड दर में 60 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। अनुमान है कि कमजोर होती अर्थव्यवस्था फेड को दरों में और अधिक आक्रामक तरीके से कमी लाने की गुंजाइश पैदा करेगी। टैरिफअनिश्चितताओं के बीच अमेरिकी फेड रिजर्व को ब्याज दरों में कटौती में सावधानी बरतनी चाहिए। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कि एक रिपोर्ट के अनुसार नए टैरिफ अगले साल महंगाई को बढ़ा सकते हैं। इससे अगने तीन महीनों के लिए नीतिगत विकल्प विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाएंगे। इसमें कहा गया कि बाजार 2025 के दौरान फेड दर में 60 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। इसके बाद 2026 में अतिरिक्त 70 आधर अंकों की कटौती होगी। फेड को अपनी नीतिगत फैसलों का समय सावधानीपूर्वक तय करना चाहिए।

**निवेशकों के तर्क दोतरफा**




निवेशकों का मानना है कि टैरिफ से प्रेरित कोई भी मूल्य वृद्धि अस्थायी होगी। उनके तर्क दोतरफा हैं, पहला 2025 के अंत तक उच्च आयात लागत के लिए एकमुश्त समायोजन पूरा होने के बाद महंगाई में उछाल कम होने की उम्मीद है। दूसरा धीमी आर्थिक वृद्धि और बढ़ते मंदी को जोखिम मांग को कम करेंगे। इससे महंगाई नियंत्रण में रहेगी। इसमें कहा गया कि 2026 तक आपूर्ति श्रृंखलाओं के गैर टैरिफ स्रोतों की ओर समायोजित होने की उम्मीद है। इससे मूल्य दबाव में और कमी आएगी।

**कमजोर अर्थव्यवस्था फेड के दरों पर डालेगी असर**

इसके परिणामस्वरूप बाजार अल्पकालिक मुद्रास्फीति की वृद्धि से आगे देख रहे हैं। उनका अनुमान है कि कमजोर होती अर्थव्यवस्था फेड को दरों में और अधिक आक्रामक तरीके से कमी लाने की गुंजाइश पैदा करेगी। हालांकि रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि स्थिति अभी भी स्थिर है और इस पर कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता है।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था का रहा मिला-जुला प्रदर्शन

रिपोर्ट के अनुसार 2025 की पहली छमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। वास्तविक आर्थिक उत्पादन और रोजगार जैसे हार्ड आंकड़े, सर्वेक्षणों की आंकड़ों के तुलना में ज्यादा सकारात्मक रहे हैं। हाल के महीनों में यह विचलन एक प्रमुख प्रवृत्ति रही है। आने वाले महीनों में टैरिफका प्रभाव बाजार पर दिखाई देने लगेगा।

## लॉरियाल इंडिया और सीआईआई की साझेदारी से मुंबई में खुला नया ब्यूटी स्किलिंग सेंटर

**मुंबई, 11 अगस्त।** लॉरियाल इंडिया ने कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के साथ मिलकर मुंबई में एक अत्याधुनिक ब्यूटी स्किलिंग सेंटर की स्थापना की है। यह केंद्र CII नॉर्थ मुंबई स्किल्स सेंटर में खोला गया है। इस साझेदारी का उद्देश्य महाराष्ट्र में ब्यूटी प्रोफेशनल्स के लिए प्रशिक्षण नेटवर्क को मजबूत करना है। नए सेंटर में हेयरड्रेसिंग और मेकअप जैसे क्षेत्रों में लॉरियाल द्वारा विकसित पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह पहल युवाओं, खासकर वंचित महिलाओं की रोजगार क्षमता और जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मदद करेगी। लॉरियाल इंडिया के प्रबंध निदेशक असीम कौशिक और ष्ठढ्ढ के कार्यकारी निदेशक सोगाता रॉय चौधरी ने इस साझेदारी की शुरुआत की। कंपनी पहले से ही अपने ब्यूटी फॉर अ बेटर लाइफ कार्यक्रम के तहत 24,000 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित कर चुकी है, जिसकी प्लेसमेंट दर 75त्न से अधिक है। PwC की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रशिक्षण के बाद लाभार्थियों की घरेलू आय में औसतन 44त्न तक की वृद्धि हुई है। लॉरियाल इंडिया का लक्ष्य 2030 तक 1,00,000 महिलाओं तक पहुंचने का है, और CII के साथ यह नई साझेदारी इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## केंद्र सरकार ने बीते 9 वर्षों में 4 लाख से अधिक बैकलॉग रिक्तियों को भरा : जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली, 11 अगस्त।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालय ने बीते 9 वर्षों में (2016 से) करीब 4.8 लाख बैकलॉग रिक्तियों को भरा है। उन्होंने राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि सभी मंत्रालय में बैकलॉग समेत रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया और यह लगातार चलती रहती है। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों को समय-समय पर रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने की सलाह दी गई है। जितेंद्र सिंह के अनुसार, केंद्रीय सरकार के पदों और सेवाओं में खुली प्रतियोगिता द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर सीधी भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत, अनुसूचित जातियों को 15 प्रतिशत और अनुसूचित जनजातियों को 7.5 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, पदोन्नति में अनुसूचित जातियों को 15 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजातियों को 7.5 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों के



मामले में सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों में 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाता है। सिंह ने कहा, रिक्तियों और भरे गए पदों का विवरण संबंधित मंत्रालयों, विभागों और संगठनों द्वारा रखा जाता है। इसके अतिरिक्त, जुलाई के मध्य में केंद्र सरकार की ओर से 16वां रोजगार मेला आयोजित किया गया था। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह नव-नियुक्त युवा रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय समावेशन और औद्योगिक विकास जैसे क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देंगे। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा, विभाग भले ही अलग हों, लेकिन आपका ध्येय एक है - राष्ट्र सेवा। आप रेलवे में दायित्व निभाएं, देश की सुरक्षा करें, डाक सेवाओं को गांव-गांव पहुंचाएं या स्वास्थ्य मिशन का हिस्सा बनें, आपका लक्ष्य विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना है।

## टेक्सटाइल क्षेत्र के मझोले उद्यम टैरिफ के कारण झेल सकते हैं मंदी की मार

**मुंबई, 11 अगस्त।** अमेरिका की ओर से भारत से निर्यात किए जाने वाले उत्पादों पर 50 प्रतिशत निर्यात शुल्क बढ़ाए जाने की घोषणा का सबसे अधिक असर भारत के टेक्सटाइल और जेम्स एंड ज्वेलरी सेक्टर पर होगा। उद्योग के जानकारों का कहना है इस क्षेत्र में बड़े निर्यातकों पर तो असर पड़ेगा, लेकिन छोटे और मध्यम दर्जे (एमएसएमई) के निर्यातक और उद्योग को भारी नुकसान होगा।

अमेरिका की ओर से भारत से निर्यात की जाने वाले उत्पादों 50 प्रतिशत निर्यात शुल्क बढ़ाए जाने की घोषणा का सबसे अधिक असर भारत के टेक्सटाइल और जेम्स एंड ज्वेलरी सेक्टर पर होने की आशंका है। उद्योग जगत के जानकारों का मानना है कि इस क्षेत्र में बड़े निर्यातकों पर तो असर पड़ेगा ही, लेकिन छोटे और मध्यम दर्जे (एमएसएमई) के निर्यातकों व उद्योगों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

टैरिफके असर से एमएसएमई सेक्टर में मंदी आने और छंटनी का दौर शुरू होने की आशंका है। टेक्सटाइल और जेम्स एंड ज्वेलरी दोनों ही क्षेत्र श्रमिकों पर आधारित उद्योग हैं। इस कारोबार से लाखों एमएसएमई जुड़े हुए हैं। भारत के कुल वस्त्र निर्यात का 35 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका जाता है, अब टैरिफकी वजह से इसमें भारी गिरावट आने की आशंका है।

## एक नजर

### स्वतंत्रता दिवस : शैक्षणिक संस्थाओं में जोर-शोर से हो रही तैयारियां

**रायपुर, 11 अगस्त।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी सहित पूरे प्रदेश एवं देश में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाए जाने की तैयारियां चल रही है। इस संबंध में स्कूल कालेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों देशभक्तिपूर्ण गीत नृत्य एवं परेड ग्राउंड में भाग लेने के लिए निरंतर अभ्यास जारी है। ज्ञातव्य है कि स्वतंत्रता दिवस के दिन रायपुर में जोर शोर से आजादी का जश्न मनाने की परंपरा रही है। इसी कड़ी में अनेक स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा सुबह ध्वजारोहण के साथ ही अस्पतालों एवं विभिन्न पुनर्वास केंद्रों में फल वितरण एवं मिठाई वितरण का कार्य भी रखा गया है इस संबंध में जिंदगी न मिलेगी दोबारा संस्था की अध्यक्ष सुषमा तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी संस्था वृद्धाआश्रमों में जाकर बुजुर्गों का आशीर्वाद ग्रहण करती है एवं उनके लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की जाती है। रायपुर जिले के कलेक्टर द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सभी सरकारी भवनों को रात में रोशन किये जाने के निर्देश दिये हैं।

### पुण्यतिथि पर मिनीमाता को किया गया याद

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 2 के सहयोग से मिनीमाता की पुण्यतिथि आज उनका पुण्य स्मरण किया गया। राजधानी पुष्पांजलि आयोजन हेतु रायपुर नगर पालिक निगम के सस्कृति विभाग की ओर से रायपुर नगर पालिक निगम जोन 2 जोन कमिश्नर को पुराना बस स्टैण्ड पंडरी में स्थित प्रतिमा स्थल पर संस्कृति विभाग प्रमुख सहि पार्षद सहित अन्य नेता शामिल हुए।

### पद्म पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**रायपुर ।** भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में पद्म पुरस्कार प्रदान किया जाता है। जिसके अंतर्गत पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 15 अगस्त 2025 तक भारत सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पद्म पुरस्कार अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। सन् 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा और असाधारण उपलब्धियों, सेवाओं के लिए दिया जाता है।

# स्वतंत्रता दिवस पर सीएम साय रायपुर और तोखन बस्तर में झंडा फहराएंगे

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 11 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के पुलिस लाइन मैदान में झंडा फहराएंगे। वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू बस्तर में झंडा फहराएंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनादगांव में ध्वजारोहण करेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों ध्वजारोहण की सूची जारी कर दी है। राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे से पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा जनता के नाम संदेश देंगे। समारोह में संयुक्त परेड द्वारा मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया जाएगा। रायपुर में



आयोजित मुख्य समारोह की परेड का दायित्व पुलिस महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के अधीन रहेगा। परेड में बी.एस.एफ, सी.आर.पी.एफ, सी.आई.एस.एफ, आई.टी.बी.पी., एस.एस.बी., छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (महिला एवं पुरुष), नगर सेना, एन.सी.सी. कैडेट्स आदि की टुकड़ियां सम्मिलित होंगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा पदक एवं पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

**अन्य मंत्री यहां फहराएंगे झंडा**

बिलासपुर में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, दुर्ग में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सरगुजा में मंत्री रामविचार नेताम, गरियाबंद में मंत्री दयालदास बघेल, बालोद में केदार कश्यप, कोरबा में लखनलाल देवांगन, जशपुर में श्याम बिहारी जायसवाल, रायगढ़ मे ओपी चौधरी, सूरज पुर में लक्ष्मी राजवाड़े, जांजगीर-चांपा टंकराम वर्मा झंडा फहराएंगे।

**सांसदों में कौन कहां होंगे**

बलौदाबाजार में बृजमोहन अग्रवाल, बेमेतरा विजय बघेल, कवर्धा संतोष पांडेय, बलरामपुर चिंतामणि महराज, महासमुंद रूप कुमारी चौधरी, बिलाईगढ़ राधेश्याम राठिया, सक्ती कमलेश जांगड़े, बीजापुर में महेश कश्यप, कांकेर में भोजराज नाग, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में देवेंद्र प्रताप सिंह झंडा फहराएंगे।

**इन विधायकों को भी मिली जिम्मेदारी**

मुंगेली में पुन्नूलाल मोहिले, गौरेला-पेंडा-मरवाही में धरमलाल कौशिक, कोरिया अमर अग्रवाल, धमतरी अजय चंद्राकर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी रेणुका सिंह, कोंडागांव लता उसेंडी, नारायणपुर विक्रम उसेंड़ी, मोहला-मानपुर-चौकी राजेश मूणत,दंतेवाड़ा किरण देव, सुकमा में धरमजीत सिंह झंडा फहराएंगे।

# झाड़ियों में मिली युवक की लाश

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 11 अगस्त।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के अनु जिलों में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ते जा रहा है। राजधानी में आए दिन चाकूबाजी, लूट, मारपीट, हत्या जैसी कई बड़ी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। पिछ्ले तीन दिनो में शहर के 4 थाना इलाको में चाकूबाजी की 5 गंभीर वारदाते सामने आई है। लगातार बढ़ रहे अपराधों के बीच राजधानी रायपुर से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां एक युवक की लाश झाड़ियों में मिली है। लाश मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, राजधानी रायपुर से लगे तेंदुवा गांव



के पास झाड़ियों में युवक की लाश मिली है। युवक की लाश देखने के बाद लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। लाश मिलने की सूचना मिलते ही आमानाका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की टीम ने युवक की हत्या के बाद शव को झाड़ियों में फेंकने की आशंका जताई है। वहीं युवक के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं।

# भादो लगते ही अब अच्छी वर्षा का पूर्वानुमान

## राजधानी सहित प्रदेश में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 11 अगस्त ।** मौसम विभाग के अनुसार सावन के पश्चात भादों लगते ही अच्छी वर्षा होने का अनुमान है मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि 12 अगस्त से राज्य के विभिन्न स्थानों पर अच्छी वर्षा होगी।

मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका के साथ ही कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण अच्छी वर्षा होने का पूर्वानुमान है। राज्य में एक हफ्ते से मानसून की गतिविधियां स्थिर हो गई है। जिसके कारण लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हो गये है। किसानों को भी वर्षा होने का पूर्वानुमान है। माध्य समुद्र तल पर फ़िरोजपुर, चंडीगढ़, देहरादून, खैरी, पटना, बांकुरा, दीघा और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक



स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बांग्लादेश, पश्चिम बंगाल तट तथा उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

एक द्रोणिका उत्तर पूर्व उत्तर प्रदेश से दक्षिण बांग्लादेश तक बिहार, झारखंड, गंगेटिक पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग से होते हुए, 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

प्रदेश में कल दिनांक 9 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

प्रदेश में 1-2 स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। मानसून ब्रेक की स्थिति समाप्त होने के कारण, मानसून द्रोणिका का पूर्वी छोर अपने सामान्य स्थिति से थोड़ा दक्षिण की ओर स्थित है । इसके कारण वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की सम्भावना है । 12 अगस्त से प्रदेश में व्यापक वर्षा सम्भावित है ।

# मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता की पुण्यतिथि पर उनके योगदान को किया नमन

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 11 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद और महान समाजसेविका स्वर्गीय मिनीमाता जी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन निस्वार्थ सेवा, अटूट साहस और सामाजिक परिवर्तन का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मिनीमाता जी ने वंचित वर्गों, महिलाओं, दलितों और गरीबों के अधिकारों की रक्षा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया और समाज में सम्मान, समानता एवं न्याय की नींव मजबूत की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्मरण किया कि संसद में अपने कार्यकाल के दौरान मिनीमाता जी ने बाल विवाह, दहेज प्रथा और छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध सशक्त और निर्भीक स्वर उठाया। उन्होंने मजदूरों के अधिकारों की



रक्षा, महिला शिक्षा के प्रसार और सामाजिक समानता की स्थापना के लिए जो योगदान दिया, वह इतिहास के स्वर्णिम अध्यायों में दर्ज है। उनकी सादगी, संवेदनशीलता और सेवाभाव ने उन्हें जनमानस में अमिट स्थान दिलाया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मिनीमाता जी की विचारधारा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के वर्तमान और भविष्य के लिए प्रकाशस्तंभ की तरह है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर, भाईचारे, समानता और न्याय पर आधारित एक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील छत्तीसगढ़ के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26